• जयपुर, शुक्रवार 18 सितंबर 26 • वर्ष 15 • अंक 319 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित



**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

### सेमीकॉन इंडिया के 5वें एडिशन का आगाज

# भारत में बनी चिप दुनियाभर में पहुंच रही : पीएम मोदी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सेमीकॉन इंडिया 2026 के 5वें एडिशन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने देशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यही आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की प्रेरणा है। पीएम मोदी ने कहा, आज विश्वकर्मा जयंती भी है, मैं सभी देशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। हमारी परंपरा में भगवान विश्वकर्मा को निर्माण और सृजन की शक्ति का प्रतीक माना गया है और संयोग देखिए, आज से ही सेमीकॉन इंडिया की शुरुआत हो रही है। एक तरफ हमारी सदियों पुरानी निर्माण की परंपरा और दूसरी तरफ 21वीं सदी की टेक्नोलॉजी और विजन, यही आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की प्रेरणा भी है। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए हर देशवासी एक कमिटमेंट के साथ जुटा है। उन्होंने कहा कि अगर हम बीते 15 दिनों को ही देखें तो अंदाजा लगता है कि भारत किस दिशा में किस तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने बताया, इसी सितंबर में 10 दिन पहले मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट हुआ। इसमें एजेंटिक एआई, टोकनाइजेशन और क्वांटम टेक्नोलॉजी के जरिए इंक्लूसिव फाइनेंस पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने कहा, इसी दौरान भारत में करीब 3,000 किमी का डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पूरी तरह ऑपरेशनल हो गया। इससे देश में फ्रेट मूवमेंट तेज होगा, लॉजिस्टिक बेहतर होगा और मैन्युफैक्चरिंग को ताकत मिलेगी।

उन्होंने कहा, इसी सितंबर में भारत की क्वार्टरली जीडीपी रिपोर्ट आई और इस संकट के दौर में भी भारत ने 7.8 प्रतिशत ग्रोथ हासिल की है। इसी दौरान जापान की क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने भारत की सॉवरिन रेटिंग में सुधार किया है, यह करीब 35 साल बाद हुआ है। एक तरफ भारत की इकोनॉमी बढ़ रही है, दूसरी तरफ भारत पर दुनिया का भरोसा भी बढ़ता जा रहा है।



सेमीकंडक्टर सेक्टर पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत में बनी चिप अब देश और दुनिया के ग्राहकों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा, हमारी चिप्स अब भारत के प्लांट से देश और दुनिया भर के ग्राहकों तक पहुंच रही हैं। हाल ही में, मोहाली और सूरत में दो सेमीकंडक्टर प्लांट में कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हुआ है। किसी भी देश के लिए इस स्तर तक पहुंचना आसान नहीं है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि सेमीकंडक्टर सेक्टर दूसरी इंडस्ट्री से बहुत अलग है, जहां फैक्ट्री लगने के तुरंत बाद प्रोडक्शन शुरू हो जाता है। यहां तकनीकी क्षमता और विशेषज्ञता बनाने में दशकों लगते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि भारत में फैबलेस कंपनियों की ग्रोथ और इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी का क्रिएशन भी भारत में ही हो।

बता दें कि फैबलेस कंपनियां वे कंपनियां होती हैं जो माइक्रोचिप का डिजाइन और बिक्री तो खुद करती हैं, लेकिन उनके निर्माण का काम खुद न करके किसी दूसरी कंपनी (जिन्हें 'फाउंड्री' कहा जाता है) को आउटसोर्स कर देती हैं।

पीएम मोदी ने कहा, अलग-अलग प्रकार के कंपाउंड सेमीकंडक्टर बनाना हो, सिलिकॉन फोटोनिक्स को सिस्टम का हिस्सा बनाना हो, एआई इनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ये सब जरूरी है और इस दिशा में हमें मिलकर आगे बढना होगा। इसके लिए जो फाउंडेशन चाहिए, वह तैयारी हो चुकी है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार ने 1 लाख इंजीनियरिंग छात्रों को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए ट्रेन करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 70 हजार युवाओं को ट्रेनिंग दी भी जा चुकी है। युवाओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा, जो युवा टैलेंट भारत में रिसर्च कर रहे हैं, वे आगे आएं। जो युवा विदेशों में रिसर्च कर रहे हैं, वे भी भारत में उन्नत तकनीक के विकास से जुड़ें।

उन्होंने इंडस्ट्री लीडर्स से आग्रह किया कि वे देश में एरएंडडी को लीड करें। उन्होंने कहा कि इसमें इंडस्ट्री का भी फायदा है और भारत की युवा शक्ति को भी ताकत मिलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया को मैन्युफैक्चरिंग के लिए नई और भरोसेमंद लोकेशंस की जरूरत महसूस हो रही है और भारत इसके लिए खुद को लगातार तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल सेमीकंडक्टर सेक्टर की ग्रोथ 20 प्रतिशत से ज्यादा है और पावर, न्यूक्लियर एनर्जी सेक्टर में भी भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ रहा है और यही भरोसा सेमीकंडक्टर जैसी हाई-टेक इंडस्ट्री को भारत में ला रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि एआई के लिए जो चिप्स बन रही हैं, उनका इस्तेमाल एआई डेटा सेंटर्स में हो रहा है। इन डेटा सेंटर्स में हजारों हाई परफॉर्मेंस प्रोसेसर एक साथ काम कर रहे हैं और बहुत बड़ी मात्रा में डेटा प्रोसेस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे एआई का विस्तार होगा, कंप्यूटिंग पावर की जरूरत भी उसी तेजी से बढ़ेगी। और कंप्यूटिंग पावर जितनी बढ़ेगी, बिजली की जरूरत भी उतनी ही ज्यादा होगी। इसलिए पावर सेक्टर में निवेश करना बहुत जरूरी है।

पीएम ने बताया कि हमारे प्लांट जहां हैं, वहां जरूरत के हिसाब से बिजली मिलती रहे, इसके लिए भारत पावर सेक्टर में बहुत बड़ा निवेश कर रहा

## न्यूज़ अपडेट

### वीर सैनिकों के सम्मान में रक्षा मंत्रालय बड़ा फैसला, जीवनभर मुफ्त रेल यात्रा कर सकेंगे जांबाज और उनके परिवार

**नई दिल्ली/एजेंसी।** देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय देने वाले जांबाज सैनिकों और उनके परिजनों के सम्मान में रक्षा मंत्रालय ने एक ऐतिहासिक और बड़ा फैसला लिया है। सेना पदक, नौसेना पदक और वायु सेना पदक (वीरता) से सम्मानित सैनिकों को अब भारतीय रेल में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। सरकार के इस कदम का लाभ न केवल वीरता पुरस्कार विजेता सैनिकों को बल्कि उनके जीवनसाथी को भी ताउम्र मिलेगा। इसके अलावा, विधवा या विधुर के मामलों में यह सुविधा उनके पुनर्विवाह तक लगातार जारी रहेगी।

रक्षा मंत्रालय की इस विशेष पहल में उन जांबाजों के परिवारों का भी खास ख्याल रखा गया है जिन्होंने देश सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया। सेना के अनुसार, इस योजना के दायरे में उन वीर सैनिकों के माता-पिता को भी शामिल किया गया है, जिन्हें अविवाहित रहते हुए मरणोपरांत वीरता पदक से सम्मानित किया गया था। इस नीति के तहत सभी पात्र लाभार्थी भारतीय रेलवे की प्रथम श्रेणी , द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी और एसी चेयर कार में आरामदायक और ससम्मान सफर कर सकेंगे।

योजना को बेहद पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह से पेपरलेस (कागज रहित) रखा है। लाभार्थियों को दफ्तरों के चक्कर काटने से बचाने के लिए भारतीय रेलवे रियायत कार्ड पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा दी जाएगी।

### ऊधमपुर में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी

**ऊधमपुर/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के ऊधमपुर जिले के पहाड़ी क्षेत्र मजालता में रात सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूत्रों के मुताबिक, इस कार्रवाई में दो आतंकियों के मारे जाने की खबर है, हालांकि अभी तक सुरक्षा एजेंसियों की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सुरक्षा बल इलाके में मारे गए आतंकियों के शवों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने मजालता तहसील के खुबन इलाके की घेराबंदी कर दी। यह क्षेत्र रामकोट-बिलावर मार्ग के आसपास बताया जा रहा है। अभियान में स्थानीय पुलिस, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और अन्य सुरक्षा बलों के जवान शामिल हैं। बुधवार रात करीब 9 बजे सुरक्षा बलों ने इलाके में छिपे आतंकियों को बाहर आने के लिए ललकारा। इसके बाद आतंकियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने रॉकेट दागे और ड्रोन के जरिए इलाके की निगरानी करते हुए आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद गोलीबारी बंद हो गई और गुरुवार सुबह तक आतंकियों की ओर से कोई फायरिंग नहीं हुई। सुरक्षा बलों ने पूरे मजालता इलाके की नाकेबंदी कर रखी है। अभियान के दौरान वाहनों की जांच के साथ घर-घर तलाशी ली जा रही है।

### युवाओं के साथ मुख्यमंत्री ने किए दीप प्रज्वलित

# आशीर्वाद के दीयो से जगमगाया मुख्यमंत्री निवास

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन समर्पण, राष्ट्रसेवा और दृढ़ संकल्प का प्रतीक

### राष्ट्र प्रथम और विकसित भारत के उनके संकल्प से युवा लें प्रेरणा, देश को ले जाएं नई ऊंचाइयों पर

### युवा पूरी क्षमता से कार्य करें, तो सपनों को पूरा करने से कोई नहीं रोक सकता : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर विकसित भारत जन सेवा अभियान के अंतर्गत यूथ बजट पर युवाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से प्रधानमंत्री के राष्ट्र प्रथम और विकसित भारत के संकल्प से प्रेरित होकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया।

**मुख्यमंत्री ने जलाया दीया, प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य के लिए की कामना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर युवाओं के साथ 'आशीर्वाद के दीये' जलाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों के द्वारा सजाई गई रंगोली पर सपत्नीक दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। दीपों की रोशनी से मुख्यमंत्री निवास जगमगा उठा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उनका जीवन समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। वे 25 वर्षों की निरंतर राष्ट्र और सार्वजनिक सेवा का नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं, जो हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।







- **प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री ने युवाओं से किया यूथ बजट पर संवाद**
- **आगामी बजट में आएगा यूथ बजट, युवाओं ने दिए सुझाव**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बुनियादी सुविधाओं और गरीब कल्याण की योजनाओं को जमीन पर उतारने, आमजन के आर्थिक सशक्तिकरण तथा विकसित गांव और शहर बनाने के लिए प्रभावी कार्य किए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी युवाओं के लिए हर क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार युवाओं के सशक्तिकरण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में पंचायत स्तर पर ई-लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अटल ज्ञान केन्द्र शुरू किए जा रहे हैं, ताकि युवा गांव में ही पढ़ सके। वहीं, हमारी सरकार ने युवाओं को विदेशी भाषाएं सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए एमओयू किए हैं, ताकि प्रदेश के युवा को देश-दुनिया में रोजगार के भरपूर अवसर मिल सके।

उन्होंने कहा कि युवा काम के प्रति सच्ची लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। युवा मन लगाकर कार्य करें, मंजिल उनके कदमों में होगी। उनके सपनों को पूरा करने से उन्हें कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है। जब युवा शक्ति सही दिशा में आगे बढ़ती है तो देश नई ऊंचाइयों को छूता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने हेतु देशभर में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रधानमंत्री की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन के लिए हमने आशीर्वाद के दीये प्रज्वलित किए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान की 8 करोड़ जनता प्रधानमंत्री को जन्मदिन पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाई दे रही है। उनके नेतृत्व में विकसित भारत और विकसित राजस्थान का संकल्प पूरा होगा।

कार्यक्रम में युवाओं ने मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए आगामी बजट वर्ष के लिए यूथ बजट पर युवा सशक्तिकरण के विषयों पर अपने विचार रखे। युवाओं ने रोजगार, शैक्षिक एवं तकनीकी ज्ञान, कौशल विकास, युवा कल्याण एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास से जुड़े विषयों पर अपने अनुभव एवं सुझाव मुख्यमंत्री के साथ साझा किए।

इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, विकलांग पेंशन, पालनहार योजना, राजीविका के लाभार्थियों ने गरीब कल्याण की योजनाओं के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार का आभार जताया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव खेल एवं युवा मामलात प्रवीण गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### अमेरिका के 100 प्रतिशत टैरिफ की धमकी पर भारत की प्रतिक्रिया

# हम ऊर्जा सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर भारी टैरिफ लगाने का रास्ता अब अमेरिका में साफ होता दिखाई दे रहा है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने रूस और ईरान पर प्रतिबंधों से जुड़े विधेयक को 262-159 मतों से पारित कर दिया है। यह विधेयक अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास जाएगा। उनके हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन सकता है। विधेयक में रूस से ऊर्जा खरीद जारी रखने वाले देशों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को देने का प्रावधान है। भारत और चीन को इस प्रावधान से प्रभावित होने वाले प्रमुख खरीदारों के तौर पर देखा जा रहा है।




अमेरिकी कांग्रेस में विधेयक पारित होने के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। मंत्रालय ने दोहराया कि भारत अपने 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए भारत अलग-अलग स्रोतों से ऊर्जा हासिल करने और बाजार की बदलती परिस्थितियों के आधार पर अपनी रणनीति तय करता रहेगा।

विदेश मंत्रालय [redacted] कुछ महीनों के [redacted] अमेरिका के अधिकारियों के बीच इस मुद्दे पर उच्च स्तर पर बातचीत हुई है। भारत ने अमेरिका को स्पष्ट किया है कि प्रस्तावित टैरिफ के असर केवल दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों तक सीमित नहीं रह सकते, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है।

भारत ने यह भी कहा है कि वह अपने व्यापार और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार इन घटनाक्रमों के संभावित असर से निपटने के लिए

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर रक्षा मंत्री-सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा

**वाराणसी/एजेंसी।**

काशी के सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा विश्वनाथ का विशेष अनुष्ठान व दर्शन-पूजन किया। सभी ने मंदिर में जलाभिषेक व आरती कर बाबा के चरणों में श्रद्धा निवेदित की। नेताओं ने प्रधानमंत्री के यशस्वी सुदीर्घ जीवन के साथ ही देश-प्रदेश की खुशहाली की भी कामना की। प्रधानमंत्री के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन कर काशी के पुरोहितों और आचार्यों का सम्मान किया। वाराणसी से वडनगर तक सेवा संकल्प यात्रा से जुड़े बाइकर्स के साथ संवाद तथा काशी विश्वनाथ धाम में अपनी सेवाएं दे रहे स्वच्छता प्रहरियों को सम्मानित भी किया।

## संपादकीय

# दमन के तरीके का उलटा परिणाम

सत्ता के ऊपरी हलकों तक शायद यह संदेश पहुंचा है कि दमन के तरीके का उलटा परिणाम हो सकता है। इसलिए अब युवाओं के प्रति संवेदनशील होने का संकेत दिया जा रहा है। यह स्वागतयोग्य है।

कॉकरोच आंदोलन के तहत युवाओं की लामबंदी का सत्ता प्रतिष्ठान पर कितना प्रभाव हुआ है, इसकी झलक सोमवार को सामने आई। 20 जुलाई को संसद मार्च में शामिल नौजवानों पर हुए मुकदमों को वापस लेने के मामले में केंद्र पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कॉकरोच जनता पार्टी ने पांच सितंबर को दिल्ली में फिर मार्च आयोजित करने का एलान किया है। दिल्ली पुलिस ने संकेत दिया था कि ब्रिक्स+ शिखर सम्मेलन की जारी तैयारियों के कारण इस कार्यक्रम को इजाजत देना कठिन होगा। यही दलील देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई कि शिखर सम्मेलन से एक हफ्ता पहले इस आंदोलन से कानून– व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है, अतः इस पर रोक लगाई जाए।

मगर चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने अर्जी ठुकरा दी। कहा कि फिलहाल ऐसा मानने का कोई ठोस आधार नहीं है कि युवाओं के मार्च से कानून– व्यवस्था की स्थिति बिगड़ेगी। कोर्ट ने कहा कि कानून– व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और कोर्ट भरोसा है कि सरकार कानून के दायरे में रहकर यह काम करेगी। हाल– फिलहाल में जनतांत्रिक अधिकारों के पक्ष में कोर्ट का ऐसा दो–टूक रुख कभी–कभार ही देखने को मिला है। बहरहाल, कोर्ट का यह रुख सामने आने के बाद जो हुआ, वह और भी महत्त्वपूर्ण है। दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका देकर गुजारिश की कि वह अनुच्छेद 142 के तहत संविधान से मिले विशेष अधिकार का इस्तेमाल कर कॉकरोच आंदोलन के दौरान दर्ज सभी प्राथमिकियों को रद्द कर दे।

कोर्ट ने इस याचिका पर सकारात्मक रुख दिखाया। यह घटनाक्रम युवाओं की उभरी शक्ति की मिसाल है। गुजरे महीनों में जिस पैमाने पर छात्र– युवा असंतोष सड×कों पर दिखा है, उसने यह भ्रम तोड़ दिया है कि सरकारी मशीनरी के अत्यधिक उपयोग से असहमति और प्रतिरोध को हमेशा के लिए दबाए रखा जा सकता है। सत्ता के ऊपरी हलकों तक संभवतः यह संदेश पहुंचा है कि दमन के तरीके का संभवतः उलटा परिणाम होगा। इसलिए अब युवाओं के प्रति संवेदनशील होने का संकेत दिया जा रहा है। यह स्वागतयोग्य है।

## आशीर्वाद का दीया : प्रधानमंत्री मोदी जी 25 वर्षों के सेवा से संकल्प को जनमानस का आभार

**डॉ. ओम प्रकाश डहरिया**

कुछ अवसर केवल कैलेंडर की तारीख नहीं होते, वे स्मृतियों, भावनाओं और संकल्पों को एक साथ जोडने़ वाले पड़ाव बन जाते हैं। 17 सितंबर ऐसा ही एक अवसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के साथ इस वर्ष उनकी 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा-यात्रा का संदर्भ जुड़ रहा है। वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई शासन-यात्रा से लेकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर सार्वजनिक दायित्व निभाने तक का यह कालखंड भारतीय लोकतांत्रिक जीवन में एक महत्वपूर्ण अध्याय रहा है।

इसी उपलक्ष्य पर 'आशीर्वाद का दीया' जनमानस के आभार और संकल्प की एक आत्मीय अभिव्यक्ति के रूप में सामने आ रहा है। दीप भारतीय संस्कृति में केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं है, वह शुभकामना, आशा और संकल्प का भी प्रतीक है। जब 17 सितंबर की शाम घर-घर 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्ज्वलित होगा, तो उसके प्रकाश में बीते 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा-यात्रा की स्मृतियां और आने वाले भारत के प्रति नागरिकों की आकांक्षाएं एक साथ दिखाई देंगी। यह दीप उस भाव को अभिव्यक्त करेगा जिसमें जनमानस अपनी शुभकामनाओं के साथ राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प भी दोहराता है। पिछले वर्षों में जनधन, उज्ज्वला, स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, पीएम-किसान और स्टार्टअप इंडिया व्होकल-फॉर-लोकल और एआई की उपयोगिता को बढ़ावा जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से शासन और नागरिक जीवन के अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन के प्रयास किए गए हैं। इन पहलों की उपलब्धियों और प्रभावों पर अलग-अलग मत हो सकते हैं।

# आशीर्वाद का दीया : दीये की रोशनी से विकसित भारत के संकल्प तक



दीया भारतीय जीवन और संस्कृति में केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं है। वह विश्वास का प्रतीक है, आशा का प्रतीक है और अंधकार के बीच उजाले की निरंतर तलाश का प्रतीक है। मिट्टी का एक छोटा-सा दीप जब किसी घर की देहरी पर जलता है, तो उसका प्रकाश सीमित होते हुए भी मन में एक बड़ा विश्वास जगाता है कि अंधकार कितना भी गहरा हो, उजाले की एक किरण उसके सामने खड़ी हो सकती है। यही भाव 17 सितंबर की शाम 7 बजे छत्तीसगढ़ के घर-घर में जलने वाले 'आशीर्वाद का दीया' को विशेष अर्थ देता है। यह केवल एक दीप प्रज्ज्वलन नहीं, बल्कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के सामूहिक संकल्प का प्रतीक बनने जा रहा है।

17 सितंबर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस का अवसर है। बीते वर्षों में इस दिन को सेवा, जनभागीदारी और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के संकल्प से जोडने़ की परंपरा मजबूत हुई है। इस बार 'आशीर्वाद का दीया' उसी भाव को एक नई अभिव्यक्ति देता है। यह दीपक उन करोड़ों भारतीयों की आकांक्षाओं का प्रतीक है, जो वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहते हैं। यह उस छत्तीसगढ़ की कल्पना का भी प्रतीक है, जो अपनी प्राकृतिक संपदा, श्रमशक्ति, संस्कृति और प्रतिभा के बल पर विकसित भारत की यात्रा में अपनी विशिष्ट भूमिका निभाए।

विकास की चर्चा अक्सर बड़े आंकड़ों, बड़ी परियोजनाओं और बड़े निवेश के संदर्भ में होती है, लेकिन विकास का सबसे मानवीय चेहरा उस समय दिखाई देता है, जब किसी गरीब परिवार को अपना पक्का घर मिलता है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने लाखों परिवारों के जीवन में इसी बदलाव को संभव बनाया है। एक पक्का घर केवल ईंट, सीमेंट और छत का निर्माण नहीं होता। वह परिवार की सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की स्थिरता का आधार बनता है। किसी मां के लिए वह बारिश में बच्चों को सुरक्षित रखने का भरोसा है, किसी पिता के लिए वर्षों की चिंता से मुक्ति है और किसी बच्चे के लिए पढ़ाई तथा सपनों के लिए अपना एक सुरक्षित संसार है। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से आवास निर्माण की गति ने ग्रामीण विकास को एक नई दिशा दी है।

इसी तरह उज्ज्वला योजना की एक रसोई में पहुंची गैस की लौ, जल जीवन मिशन के माध्यम से घर तक पहुंचा नल का पानी, आयुष्मान भारत के जरिए मिला स्वास्थ्य सुरक्षा कवच और जनधन योजना से बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ा परिवार, ये सब विकास के अलग-अलग चेहरे हैं। इनके बीच एक साझा सूत्र है और वह है सामान्य नागरिक के जीवन को आसान, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाना। सरकारी योजनाओं की सफलता केवल इस बात से नहीं मापी जा सकती कि कितने लाभार्थियों को लाभ मिला, बल्कि इस बात से भी मापी जानी चाहिए कि उस लाभ ने उनके जीवन में कितना भरोसा पैदा किया।

विकसित भारत की यात्रा में महिला शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ की 'बिहान' जैसी पहल ने ग्रामीण महिलाओं को केवल बचत समूहों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें आर्थिक गतिविधियों, उद्यमिता और बाजार से जोडने़ का रास्ता खोला है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आज कृषि, पशुपालन, प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद और विभिन्न स्थानीय व्यवसायों के माध्यम से अपनी आय बढ़ा रही हैं। 'लखपति दीदी' की अवधारणा इसी परिवर्तन को एक व्यापक लक्ष्य देती है। जब एक महिला आर्थिक रूप से मजबूत होती है तो उसका प्रभाव केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता। उसका परिवार मजबूत होता है, बच्चों की शिक्षा बेहतर होती है और पूरे गांव की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा आती है।

किसान के जीवन में समृद्धि विकसित छत्तीसगढ़ की बुनियादी शर्त है। छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी कृषि, किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़ी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और राज्य की कृषक उन्नति योजना जैसी पहलों ने किसान को आर्थिक सहारा देने के साथ कृषि को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में आधार तैयार किया है। अब कृषि को केवल उत्पादन की प्रक्रिया मानने के बजाय उसे मूल्यवर्धन से जोडने़ की आवश्यकता है। खेत से निकलने वाली उपज यदि स्थानीय स्तर पर प्रसंस्कृत हो, उसकी पैकेजिंग और ब्रांडिंग हो तथा उसे बेहतर बाजार मिले, तो किसान की आय और ग्रामीण रोजगार दोनों बढ़ सकते हैं। एकीकृत कृषि, किसान उत्पादक संगठन और स्थानीय प्रसंस्करण इकाइयां इसी दिशा में महत्वपूर्ण कडिय़ां बन सकती हैं।

गांवों का विकास सड×क, पानी, बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी से जुड़ा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड×क योजना ने दूरस्थ गांवों को मुख्य मार्गों से जोडने़ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान जैसे प्रयासों का महत्व उन क्षेत्रों में और बढ़ जाता है, जहां भौगोलिक परिस्थितियों के कारण मूलभूत सुविधाओं की पहुंच स्वयं एक चुनौती रही है। सड×क किसी गांव तक केवल वाहन नहीं पहुंचाती, वह बाजार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अवसर भी पहुंचाती है। इसलिए ग्रामीण अधोसंरचना का निर्माण वास्तव में सामाजिक और आर्थिक अवसरों का विस्तार है।

छत्तीसगढ़ का विकास तब पूर्ण माना जाएगा, जब बस्तर से सरगुजा तक और मैदानी क्षेत्रों से लेकर वनांचलों तक विकास के अवसर समान रूप से पहुंचें। आदिवासी क्षेत्रों की अपनी संस्कृति, कला, परंपरा, वन संपदा और जीवन पद्धति है। इनकी विशिष्टता को संरक्षित रखते हुए स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना विकास का महत्वपूर्ण आयाम है। बस्तर के हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोडऩा, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तैयार करना तथा पर्यटन की संभावनाओं को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोडऩा ऐसे प्रयास हैं, जिनसे विकास और विरासत एक-दूसरे के पूरक बन सकते हैं।

इसी व्यापक सोच को दीर्घकालिक दिशा देता है 'छत्तीसगढ़ अंजोर विजनञ्च2047'। 'अंजोर' यानी उजाला। यह नाम अपने भीतर एक बड़ी कल्पना समेटे हुए है, ऐसा छत्तीसगढ़ जो आर्थिक रूप से सशक्त हो, सामाजिक रूप से समावेशी हो, तकनीकी रूप से सक्षम हो और अपनी प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक पहचान को साथ लेक- र आगे बढ़े। कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, पर्यटन, कौशल, सूचना प्रौद्योगिकी, नवाचार और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों को एक साथ जोड×कर भविष्य की विकास यात्रा का रोडमैप तैयार करना इसी सोच का हिस्सा है। वर्ष 2030, 2035 और 2047 के अलग-अलग पड़ावों के साथ तैयार यह विजन वर्तमान की आवश्यकताओं और भविष्य की आकांक्षाओं के बीच एक सेतु का काम करता है।

विकास की अगली यात्रा में तकनीक की भूमिका भी निर्णायक होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल सेवाएं, स्टार्टअप, नवाचार और नई अर्थव्यवस्था के अवसर युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए रास्ते खोल सकते हैं। छत्तीसगढ़ के 2026-27 के बजट में अधोसंरचना, एआई, पर्यटन, स्टार्टअप और खेल जैसे क्षेत्रों के लिए नए मिशनों की परिकल्पना इसी बदलती दुनिया के अनुरूप भविष्य की तैयारी को दर्शाती है। इसका उद्देश्य केवल नई तकनीक को अपनाना नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं को तकनीक का निर्माता और उपयोगकर्ता दोनों बनाना है।

लेकिन विकास की दौड़ में प्रकृति को पीछे छोड़ दिया गया तो भविष्य का उजाला अधूरा रह जाएगा। छत्तीसगढ़ की पहचान उसके जंगलों, नदियों, पहाड़ों और जल संसाधनों से है। इसलिए जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को विकास के केंद्र में रखना आवश्यक है। 'मोर गांव, मोर पानी', 'धार अपार' और 'सुघ्घर बारी' जैसे प्रयास इस बात की ओर संकेत करते हैं कि ग्रामीण विकास को जल, मिट्टी, हरियाली और स्थानीय आजीविका के साथ जोड×कर देखा जा रहा है। आने वाले समय का विकास वही होगा जो आर्थिक समृद्धि के साथ पर्यावरणीय संतुलन भी कायम रख सके।

दरअसल, विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ का सपना केवल सरकार की योजनाओं से पूरा नहीं होगा। योजनाएं दिशा दे सकती हैं, संसाधन उपलब्ध करा सकती हैं और व्यवस्था को गति दे सकती हैं, लेकिन विकास को जनआंदोलन बनाने के लिए समाज की भागीदारी जरूरी है। किसान को अपनी खेती में नई तकनीक अपनानी होगी, युवा को नए कौशल सीखने होंगे, महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों में आगे आना होगा।

## आज का राशिफल

### मेष राशि:

मेष राशि वालों आज गुरु की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। साथ ही आपकी भौतिक सुख–सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। आज आप कारोबार में कुछ परिवर्तन करने की कोशिश करेंगे, जिसका आपको बड़ा लाभ मिलेगा। आज किसी महत्वपूर्ण मामले पर कुछ खास व्यक्तियों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा लाभ लेना चाहिए। आज आपको अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव भी करने पड़ सकते हैं, जिससे आपकी हेल्थ ठीक रहे। आज रोजगार के लिए आपको उचित अवसर मिलेंगे, जो आपके लिए लाभदायक होंगे।

### वृष राशि:

वृष राशि वालों आज माता–पिता की मदद मिलने से आपका काम पूरा होगा। आज आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही आज उधार के लेन–देन से आपको जरूर बचना चाहिए। आज किसी जरूरी काम में सफल होने से आपकी प्रशंसा दूर–दूर तक होगी। आज आपको नकारात्मक विचारों और नकारात्मक व्यक्तियों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे और किसी दोस्त का बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, जिससे सब काम अच्छे से हो जाएंगे।

### मिथुन राशि:

मिथुन राशि वालों, आज आपको शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबको बहुत पसंद आएगी और आपको बड़े स्तर पर काम करने को मिलेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी, आपको सुख–सुविधाओं का लाभ मिलेगा। आज आप माता–पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाएंगे। आज आपको कंपनी के किसी काम से दूसरे शहर जाना पड़ सकता है। इस राशि के छात्रों को आज पढ़ाई में कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी, लेकिन शिक्षकों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

### कर्क राशि:

कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी और क्लाइंट के साथ आपके रिश्ते मजबूत बनेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशियों से भरा रहेगा, बच्चे भी खेल–कूद में मस्त रहेंगे। आज आप जरूरतमंदों की सहायता करेंगे, समाज में आपके कार्यों की चर्चा होगी। आज व्यापार के क्षेत्र में अन्य व्यक्तियों से संपर्क करना फायदेमंद रहेगा। आज आपके व्यवहार से कुछ लोग खुश होंगे, साथ ही किसी खास मामले को लेकर आपकी सोच बदलेगी।

### सिंह राशि:

सिंह राशि वालों आज संतान सुख की प्राप्ति होने का योग बना हुआ है। आज सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे और मन–मुताबिक काम पूरे होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको अधिकारी वर्ग से बातचीत करते समय सावधानी रखनी चाहिए, जिससे आपका काम जल्दी से निपट जाए। आज आप दोस्तों के साथ पिकनिक पर जाने की योजना बनाएंगे। आज बिजनेस को आगे बढ़ाने के बारे में आप किसी से विचार–विमर्श करेंगे, जिससे आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे।

### कन्या राशि:

कन्या राशि वालों आज कहीं रुका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा। आज आपके अधूरे काम आसानी से पूरे होंगे और परिवार का सहयोग बना रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में आप आगे रहेंगे और असहाय व्यक्तियों की मदद करेंगे, जिससे उनका जीवन सहज हो जाएगा। आज व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से लाभ की प्राप्ति होगी। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा आज सफल होगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाई–लिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी। साथ ही सेहत के लिहाज से दिन बेहतर बना रहेगा।

### तुला राशि:

तुला राशि वालों आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से होगी। इस मुलाकात से आपका मन बहुत ही प्रसन्न होगा। आज कोई बड़ा फैसला लेने में आप सफल रहेंगे। साथ ही आज आपको शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए तत्पर रहेंगे। आज जीवनसाथी के साथ बात करने से छोटी–छोटी गलतफहमियां दूर होंगी और आपसी मधुरता बनी रहेगी। आज लवमेट के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप अपने रिश्ते की बात घरवालों से कर सकते हैं, आपको उनका पूरा सपोर्ट मिलेगा।

### वृश्चिक राशि:

वृश्चिक राशि वालों आज आप अपने भविष्य के बारे में सोच–विचार करेंगे। आज परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। आज कार्यस्थल पर कलीग का सहयोग मिलने से आपका कार्य समय से पूरा हो जाएगा। साथ ही आज आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज संतान को सफलता मिलने से आपको प्रसन्नता होगी। आज आपका स्वास्थ्य एकदम ठीक रहेगा, आप रोज की अपेक्षा दोगुना काम करेंगे।

### धनु राशि:

धनु राशि वालों आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आपको अपने काम पर फोकस करना चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा आउटपुट निकल सके। आज किसी रिश्तेदार से आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज कोर्ट–कचहरी के मामले में कुछ जरूरी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। आज स्वास्थ्य में पहले की अपेक्षा सुधार आएगा, आप खुद को अच्छा महसूस करेंगे। आज आपको राजनीतिक रिश्तों का लाभ मिलेगा, जिससे आपके अधूरे काम पूरे होने की उम्मीद है।

### मकर राशि:

मकर राशि वालों आज रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। आज बच्चों के किसी फैसले को लेकर आप असहमत होंगे, लेकिन उन्हें प्यार से समझाने का प्रयास करें। इस राशि के विद्यार्थियों को आज शिक्षक की तरफ से विशेष मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे वे परीक्षा में बेहतर परफॉर्म कर सकें। आज आप इन्वेस्टमेंट के मामलों में किसी एक्सपर्ट की राय ले सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। इस राशि के ट्रांसपोर्ट का व्यापार करने वाले व्यक्तियों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

### कुंभ राशि:

कुंभ राशि वालों आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। आज आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा, जिससे आपका काम सही समय पर पूरा हो जाएगा। आज आपका मन कला और अभिनय के क्षेत्र में रहेगा, कि- सी बड़े प्लेटफॉर्म के माध्यम से आपको आगे बढने़ में मदद मिलेगी। आज किसी जरूरतमंद की मदद करने से आपका मान–सम्मान बढ़ेगा। आज बच्चों से संबंधित आपको सुखद समाचार मिलेगा। आज आपको रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### मीन राशि:

मीन राशि वालों आज आप किसी काम की प्लानिंग करेंगे। आज परिवार के साथ आप खुशनुमा पल बिताएंगे। आज आपके व्यवहार से कुछ लोग बेहद प्रभावित होंगे। साथ ही किसी खास मामले में आपको अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिलेगी। आज आपके आर्थिक पक्ष में मजबूती आएगी, जिससे आपकी भौतिक सुख–सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। आज आपको किसी शारीरिक समस्या से मुक्ति मिलेगी। आज लवमेट एक–दूसरे पर भरोसा बनाए रखें, जिससे आपके रिश्ते में मजबूती आएगी।

## सू- दोकू क्र.163

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 162 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -163

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे–धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 162 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# पाखर में भक्ति की बही अमृतधारा, मंगल कलश यात्रा से हुआ सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

## ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर किया कलश यात्रियों का स्वागत, कथा पंडाल में गूंजे भगवान के जयकारे

**चमकता राजस्थान**

रिवेन्द्र कुमार शर्मा की रिपोर्ट दौसा। मंडावर तहसील क्षेत्र के पाखर गांव में गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास का माहौल नजर आया। गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ, महामृत्युंजय जाप एवं एकादशी व्रत उद्यापन समारोह का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना और मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गांव के ग्रामीणों ने जगह-जगह कलश यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा।



आयोजन के तहत 17 से 24 सितंबर तक प्रतिदिन संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा वाचन भागवताचार्य परम श्रद्धेय आचार्य विष्णुदत्त शास्त्री महाराज द्वारा किया जाएगा। कथा के दौरान भगवान के विभिन्न अवतारों, लीलाओं और भक्तों के चरित्रों का संगीतमय एवं भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा।

- **कृष्ण जन्म से लेकर सुदामा चरित्र तक होंगे प्रसंग**

कथा आयोजन के क्रम में 18 सितंबर को महाभारत प्रसंग, कपिल-देवहूति संवाद, सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र का वर्णन होगा। 19 सितंबर को जड़भरत, अजामिल, प्र''ाद चरित्र एवं वामनावतार के प्रसंग सुनाए जाएंगे। 20 सितंबर को रामावतार, कृष्णावतार एवं नंदोत्सव का आयोजन होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वाहन चालकों का सम्मान कर दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ



**चमकता राजस्थान/रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर।** पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के निर्देशन में नागौर पुलिस की ओर से 'ड्राइवर्स डिग्निटी डे-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वाहन चालकों के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मान देना तथा उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

इस दौरान वाहन चालकों के सम्मान एवं उनकी गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया गया। साथ ही चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। पुलिस की ओर से वाहन चालकों से यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा सड़क पर अन्य वाहन चालकों और पैदल राहगीरों की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की गई।

नागौर पुलिस ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। वाहन चालक यातायात व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनकी सजगता से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिल सकती है।

कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए सरल एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करने, निर्धारित यातायात नियमों का पालन करने तथा लापरवाही से वाहन नहीं चलाने का आ''ान किया।

### सैंथल में श्रमदान के साथ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

- **चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, स्वच्छता की दिलाई शपथ**



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा की रिपोर्ट दौसा।** स्वच्छता को जनभागीदारी से जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता ही सेवा (रल्र-2026) पखवाड़े के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत सैंथल में जिला स्तरीय अभियान का शुभारंभ श्रमदान के साथ किया गया। अभियान के दौरान स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सैंथल में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने स्वच्छता, स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन का संदेश अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को स्वच्छता बनाए रखने, आसपास के वातावरण को साफ रखने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) नवीन कुमार सैनी, सहायक विकास अधिकारी कृष्ण अवतार शर्मा, एमआईएस स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) बनवारी लाल शर्मा, ब्लॉक समन्वयक पंचायत समिति गिर्राज प्रसाद सोनी, महेश चन्द्र नेपालपुरिया, ग्राम पंचायत प्रशासक कान्ता देवी मामोड़िया, ग्राम विकास अधिकारी राजसिंह तंवर सहित ग्रामीणजन एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में ग्रामीण क्षेत्रों में चला विशेष अभियान, श्रमदान कर ग्रामीणों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**चमकता राजस्थान**

धौलपुर संवाददाता रामदास तरुण। स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत गुरुवार को जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक स्थलों, मुख्य मार्गों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर साफ-सफाई कर कचरे का उचित निस्तारण किया गया। अभियान में ग्रामीणों के साथ पंचायत कार्मिकों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए श्रमदान किया। इस दौरान ग्रामीणों को नियमित स्वच्छता बनाए रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया।




जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और व्यवहार परिवर्तन लाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ गांव ही स्वस्थ गांव की आधारशिला हैं। उन्होंने जिलेवासियों से पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली स्वच्छता गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने तथा अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का आ''ान किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रेष्ठा श्री ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को स्वच्छता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। प्रत्येक व्यक्ति अपने घर के साथ- साथ सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता की जिम्मेदारी भी समझे, तभी अभियान को स्थायी सफलता मिलेगी। अभियान के दौरान ग्रामीणों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं डालने, प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग से बचने तथा स्वच्छता गतिविधियों में नियमित सहभागिता के लिए जागरूक किया गया। पखवाड़े के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियों को निरंतर जारी रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

**चमकता राजस्थान**

धौलपुर संवाददाता रामदास तरुण। जिले के समस्त ब्लॉकों में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद श्रेष्ठा श्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने तथा स्वीकृत कार्यों पर अधिक से अधिक श्रमिक लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की लंबित किश्तें शीघ्र जारी करने के निर्देश प्रदान किए गए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों की स्वीकृतियां जारी कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश समस्त विकास अधिकारियों को दिए गए। इसी प्रकार अन्य योजनाओं के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को भी निर्धारित समय में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।




बैठक में राज्य सरकार के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत तिथिवार निर्धारित गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने के लिए समस्त विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में प्रेमचन्द बैरवा, अधीक्षण अभियन्ता जिला परिषद, प्रेमप्रकाश मरमित, अधीक्षण अभियन्ता जलग्रहण विकास जिला परिषद, अशोक वर्मा, अधिशाषी अभियन्ता जिला परिषद, अनिल शर्मा एवं अनूप शर्मा, सहायक अभियन्ता जिला परिषद तथा विभिन्न पंचायत समितियों के विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## हनुमानगढ़ में धारव हाई स्कूल का विशेष पेरेंट्स इन्फॉर्मेशन सेशन 19 सितंबर को

**चमकता राजस्थान**

हनुमानगढ़। धारव हाई स्कूल, अजमेर रोड कैंपस, जयपुर की ओर से हनुमानगढ़ के भावी अभिभावकों के लिए 19 सितंबर को होटल बैंड इन, हनुमानगढ़ में विशेष पेरेंट्स इन्फॉर्मेशन सेशन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूल की लीडरशिप एवं एडमिशंस टीम अभिभावकों से संवाद करेगी और उन्हें स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षा दर्शन, वीकली बोर्डिंग मॉडल, एसटीईएम कार्यक्रमों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। धारव हाई स्कूल की चेयरपर्सन देवयानी जयपुरिया ने कहा कि स्कूल का प्रयास विद्यार्थियों को केवल वर्तमान अवसरों के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार करना है। स्कूल की डायरेक्टर डॉ. अदिति मिश्रा ने कहा कि वीकली बोर्डिंग मॉडल विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता और पारिवारिक जुड़ाव के बीच संतुलन प्रदान करता है। अकादमिक शिक्षा, खेल, मनोरंजन और व्यक्तिगत विकास से जुड़ी सुव्यवस्थित दिनचर्या विद्यार्थियों में आत्मअनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करने में सहायक है।

प्रत्येक सप्ताह घर लौटने की सुविधा बच्चों और अभिभावकों दोनों के लिए बोर्डिंग जीवन में बदलाव को सहज बनाती है।

### गोपेश शर्मा देश की आवाज जनता की पुकार श्याम नगर जयपुर

- **रेल यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरी, नशे की तस्करी रोकने के लिए ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर विशेष निगरानी : आईजी आरपीएफ ज्योति कुमार सतीजा**

**चमकता राजस्थान** बीकानेर। उत्तर-पश्चिम रेलवे में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा ने गुरुवार को बीकानेर में कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। बीकानेर मंडल के दौरे पर आए सतीजा ने यह बात पत्रकारों से बातचीत में कही। इससे पहले सुरक्षा सम्मेलन में रेलवे यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे संपत्ति की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम, नशे की तस्करी पर अंकुश, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से आईजी सतीजा ने चर्चा की। इस अवसर पर बीकानेर मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त (डीएससी) बीपी. कुशवाह, एएससी कैलाश, निरीक्षक सुभाष विश्नोई, निरीक्षक ऊषा निरंकारी, निरीक्षक रेनू, उप निरीक्षक अशोक, उप निरीक्षक अजय, उप निरीक्षक श्रीनिवास, उप निरीक्षक अमरीक सिंह, एएसआई भूप सिंह, एएसआई महेंद्र कुमार सहित आरपीएफ के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि नशे की तस्करी रोकने के लिए ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। भारत सरकार के 'ड्रग्स फ्री इंडिया' मिशन के तहत उत्तर पश्चिम रेलवे में आरपीएफ की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष करीब आठ माह की अवधि में नारकोटिक्स से जुड़े 52 मामले पकड़े गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपये है। पिछले वर्ष की तुलना में इस दिशा में कार्रवाई को और तेज किया गया है। इस अवसर पर महानिरीक्षक ने बीकानेर मंडल में आरपीएफ अधिकारियों एवं जवानों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि भिवानी सहित मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में नशे एवं अन्य अपराधों से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गई है। मीडिया के माध्यम से उन्होंने यात्रियों से अपील की कि रेलवे स्टेशन अथवा ट्रेन में कोई लावारिस या संदिग्ध वस्तु दिखाई दे तो उसे छुएं नहीं और तत्काल रेलवे सुरक्षा बल या संबंधित रेलवे कर्मचारी को इसकी सूचना दें।

### महिला के घर में घुसकर मारपीट का आरोप, जेवरात व नकदी ले जाने की FIR दर्ज



**चमकता राजस्थान** कामां थाना क्षेत्र के खटीक मोहल्ला निवासी पूनम पत्नी दीपक, जाति खटीक, उम्र 37 वर्ष ने कामां थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि 10 सितंबर 2026 की रात करीब 9:30 से 10 बजे उसका पति बाजार गया हुआ था और वह अपने घर पर बच्चों के साथ लेटी हुई थी। इसी दौरान संजय पुत्र नन्दन राम, चन्द्रभान पुत्र नन्दन राम, प्रिया पत्नी चन्द्रभान, ओमवती पत्नी मुरारी, प्रियंका पत्नी संजय, सुशीला पत्नी देवी चन्द, मनीष, नीतेश, जीतेश पुत्रगण देवी चन्द, रोशनी पत्नी मनीष, अभिषेक पुत्र फतेह सिंह जाट निवासी बादीपुर तथा गौरी पंजाबी निवासी उंधन सहित 5-6 अन्य लोग लाठी-डंडे और कट्टा लेकर उसके घर में घुस आए। रिपोर्ट के अनुसार संजय ने महिला को पकड़कर उसके सिर पर कट्टा लगा दिया, बाल पकड़कर नीचे गिराया और कपड़े फाड़कर बेइज्जत करने का आरोप लगाया। महिला द्वारा शोर मचाने पर सीमा पत्नी अमर सिंह, बबन पत्नी राजवीर और अमर सिंह पुत्र झम्मन मौके पर पहुंचे और उसे बचाया। रिपोर्ट में इन लोगों के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान मनीष, नीतेश और जीतेश ने उसके कानों के कुंडल खींच लिए। साथ ही आरोप है कि आरोपी घर में रखे जेवरात और नकद रुपये भी चोरी करके ले गए। परिजनों का आरोप है झगड़े में घायल झम्मन पुत्र दयाचन्द घायल हो गया था जहां उसे कामां के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया वहां से हालत गंभीर होने के बाद चिकित्सकों ने रेफर कर दिया भरतपुर में इलाज जारी और हालात गंभीर बताई जा रही है । रिपोर्ट में संजय और उसके भाई चन्द्रभान को लेकर भी आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि दोनों के खिलाफ पूर्व में कामां थाने में मुकदमा संख्या 490/2022, 99/2025 और 147/2026 दर्ज हैं। वहीं मारपीट में शामिल बताए गए 5-6 अन्य लोगों के नाम शिकायतकर्ता ने नहीं जानने की बात कही है, लेकिन सामने आने पर पहचानने की बात रिपोर्ट में लिखी है। कामां थाना पुलिस ने 14 सितंबर 2026 को रिपोर्ट दर्ज की। मामले में BNS की धारा 115(2), 126(2), 74, 189(2), 351(2), 303(2), 331(1) तथा SC/ST एक्ट की धारा 3(2)(VA) के तहत मामला दर्ज किया गया है। FIR के अनुसार मामले की जांच राजेश शर्मा, उप अधीक्षक पुलिस को सौंपी गई है।

# मालती देवी और राहुल लवानिया ने नामांकन वापस लिया, विधायक डॉ. शैलेश सिंह की समझाइश के बाद बनी सहमति

## डीग नगर परिषद सभापति पद पर अर्पित गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित

**चमकता राजस्थान**

अमर दीप सेन डीग। नगर परिषद चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद सभापति पद को लेकर चल रही राजनीतिक गतिविधियों पर गुरुवार को विराम लग गया। सभापति पद के लिए बुधवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर अपनी दावेदारी पेश की थी। इनमें भाजपा की ओर से अर्पित गुप्ता तथा निर्दलीय प्रत्याशी मालती देवी और राहुल लवानिया शामिल थे। गुरुवार को निर्दलीय प्रत्याशी मालती देवी और राहुल लवानिया ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद सभापति पद पर भाजपा प्रत्याशी अर्पित गुप्ता ही मैदान में रह गए और उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

नामांकन वापसी के दौरान डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह दिगंबर भी नगर परिषद परिसर में मौजूद रहे। विधायक की मौजूदगी में



राहुल लवानिया और मालती देवी ने उपखंड अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी अमित कुमार मीणा के समक्ष अपने नामांकन पत्र वापस लिए। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन वापस लेने के बाद सभापति पद के लिए चुनाव की स्थिति समाप्त हो गई और अर्पित गुप्ता के निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया।

- **बुधवार को तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किए थे नामांकन**

नगर परिषद चुनाव के परिणाम आने के बाद सभापति पद को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई थीं। बुधवार को सभापति पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। भाजपा की ओर से अर्पित गुप्ता ने पर्चा भरा, जबकि मालती देवी और राहुल लवानिया ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर दावेदारी जताई थी। तीन नामांकन होने से सभापति पद के लिए चुनाव की स्थिति बन गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### असहाय बुजुर्ग व्यक्ति को एसीबीआई सदस्य सौरव कुमार ने दिलाया पेंशन सह दवाई



**चमकता राजस्थान** लखीसराय नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 33 के बुजुर्ग व्यक्ति महेंद्र साव ( एसीबीआई ) एंटी करप्शन ब्यूरो ऑफ़ इंडिया के सदस्य सौरव कुमार के घर पहुंच कर अपनी समस्या बताएं कि मुझे पहले पेंशन मिलता था लेकिन बीच में किसी कारणवश पेंशन लंबे समय से बंद है और कई महीने से वह लगातार परेशान थे लेकिन किसी ने उनकी मदद नहीं की फिर एसीबीआई के सदस्य सौरव कुमार ने पीड़ित व्यक्ति को अपने साथ गाड़ी पर बैठाकर समस्या का समाधान निकालने के लिए सबंधित बैंक और सदर प्रखंड कार्यालय गए तत्पश्चात मालूम चला कि उनकी आधार और बैंक से सबंधित कुछ कागजी प्रकिया बाकी है तो मौके पर ही कागजी प्रक्रिया को संपूर्ण करायी गई कुछ दिन बाद जिला कार्यालय लखीसराय से एक कागज दिया गया कि आपकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है अब उस बुजुर्ग व्यक्ति को पेंशन का पैसा आ जाएगा इस माह का पेंशन का पैसा आते ही बुजुर्ग व्यक्ति काफी खुश हो गए एसीबीआई सदस्य सौरव कुमार ने वादा किया है कि उस पीड़ित बुजुर्ग व्यक्ति को घुटने की दर्द की दवाई मुफ्त में दिलाऊंगा एंटी करप्शन ब्यूरो ऑफ़ इंडिया की पूरी टीम भ्रष्टाचार के साथ साथ समाज के जनहित कार्यों में भी आगे रहती है

### सशक्त महिला, सुरक्षित समाज अभियान के तहत दौसा पुलिस की व्यापक जागरूकता पहल

- **विद्यालयों-महाविद्यालयों में छात्राओं और महिलाओं को महिला अपराध, साइबर ठगी व सुरक्षा कानूनों की दी जानकारी**



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा की रिपोर्ट दौसा।** जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित, आईपीएस के निर्देशन में संचालित 'सशक्त महिला, सुरक्षित समाज' अभियान के तहत 17 सितंबर को जिलेभर में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, महिला अपराधों की रोकथाम तथा साइबर अपराधों से बचाव को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में करीब 600 छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।

पुलिस टीमों ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय पीलोडी में 60, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुब्बी में 80, साइंस कैम्पस स्कूल मंडावर में 70 तथा जहाजराला में 40 छात्राओं एवं महिलाओं को जानकारी दी। वहीं कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने दौसा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गांधी तिराहा, पीजी कॉलेज, नेहरू पार्क एवं बीएस पब्लिक स्कूल में करीब 350 छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया।

कार्यक्रमों में महिला अपराधों की रोकथाम, महिला सशक्तिकरण, नए कानूनों, गुड टच-बैड टच, यातायात नियमों तथा मादक पदार्थों के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर ठगी से बचाव के लिए संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने तथा ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई।

# बिना पंजीकरण संचालित जनता पाइल्स क्लिनिक, लैब व मेडिकल स्टोर सीज

## - सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला की बड़ी कार्रवाई

चमकता राजस्थान

श्रीगंगानगर(विनोद राजपूत) आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने की आशंका में अवैध स्वास्थ्य संस्थान के खिलाफ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंगला के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के वृद्धाश्रम मार्ग स्थित जनता पाइल्स क्लिनिक एवं मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई करते हुए बिना पंजीकरण संचालित क्लिनिक, लैब और मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया गया। सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि विभाग को शिकायतें मिल रही थीं कि उक्त संस्थान पर बवासीर, भगंदर एवं गुप्त रोगों के इलाज के नाम पर मरीजों का अप्रशिक्षित स्टाफ की ओर से उपचार किया जा रहा है।




यहां आयुर्वेद के नाम पर एलोपैथी दवाएं दी जा रही है। शिकायत के आधार पर गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर दस्तावेजों और व्यवस्थाओं की जांच की, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच के दौरान पाया गया कि क्लिनिक के पास आवश्यक वैध पंजीकरण उपलब्ध नहीं था। वहीं परिसर में लैब और मेडिकल स्टोर भी नियमानुसार संचालित नहीं पाए गए। सबसे गंभीर तथ्य यह रहा कि चिकित्सक के नाम पर जीएनएम स्टाफ मरीजों का परीक्षण और उपचार करता मिला, जिससे मरीजों की जान और स्वास्थ्य को जोखिम में डालने की आशंका व्यक्त की गई। स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल प्रभाव से क्लिनिक, लैब और मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया। अब चिकित्सक एवं मालिक के आने पर दस्तावेजों, दवाओं, क्लिनिक, ओटी आदि की जांच कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। विभाग अब संस्थान के संचालन, पंजीकरण और उपचार संबंधी रिकॉर्ड की भी विस्तृत जांच करेगा। कार्रवाई के दौरान डीपीसी डॉ. सुनील बिश्नोई, सीओआईईसी विनोद बिश्नोई, हेमंत शर्मा एवं संदीप वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

- **आमजन से अपील**

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने नागरिकों से अपील की कि उपचार केवल पंजीकृत चिकित्सकों एवं अधिकृत स्वास्थ्य संस्थानों से ही कराएं। यदि कहीं बिना पंजीकरण क्लिनिक, लैब या मेडिकल स्टोर संचालित होने की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। आमजन विभागीय व्हाट्स एप नंबर 9351504313 पर शिकायत भेज सकते हैं।

## आदर्श विद्या मंदिर चौमहला में संकुल स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता संपन्न

चमकता राजस्थान

आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय,चौमहला में सोमवार को संकुल स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में डग,तिसाई,पगारिया और चौमहला संकुल के आदर्श विद्या मंदिरों के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता,तर्क शक्ति और सामान्य ज्ञान का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ हुआ।समापन समारोह में प्रधानाचार्य रामगोपाल कारपेंटर ने आगंतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इस दौरान आचार्य गोपाल सिंह ने अतिथियों का परिचय



करवाया,जबकि आचार्य प्रीतम कुमार टेलर ने सभी अतिथियों का मंगल तिलक कर स्वागत किया।प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को संकुल प्रभारी विष्णु जोगी,आदर्श विद्या मंदिर चौमहला समिति के अध्यक्ष विष्णु पोरवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष हेमप्रकाश टेलर,निर्णायक मंडल के सदस्य सत्यनारायण लोहार और हर्षन्ना श्रीवास्तव,समिति के कोषाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल,आदर्श विद्या मंदिर पगारिया के प्रधानाचार्य माधव जी तथा आदर्श विद्या मंदिर तिसाई के प्रधानाचार्य संदीप जी द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्य श्यामलाल कारपेंटर ने किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने संपूर्ण विद्यालय परिवार एवं आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**चमकता राजस्थान** अनिल सैन/ फलोदी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फलोदी में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। संस्था प्रधान मनमोहन पुरोहित ने बताया कि विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति-कौशल विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

पखवाड़े के प्रथम एवं द्वितीय दिन पोस्टर, स्लोगन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। वहीं तीसरे एवं चौथे दिन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सहयोग से निबंध लेखन, काव्य लेखन एवं काव्य-पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आयोजन प्रभारी के रूप में बंशीलाल जयपाल एवं गिरिराज पुरोहित कार्य कर रहे हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में मीना पुरोहित, शशि पुरोहित, स्वरूप माली, विशंभर थानवी एवं सत्यनारायण पालीवाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

विद्यालय परिवार द्वारा हिंदी भाषा के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता, सम्मान एवं गौरव की भावना विकसित करने के लिए पखवाड़े के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आगामी दिनों में भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## डग में धूमधाम से मनाई भगवान श्री देवनारायण जयंती,शोभायात्रा में झूमे श्रद्धालु

चमकता राजस्थान

डग कस्बे में बुधवार को भगवान विष्णु के अवतार, लोकदेवता श्री देवनारायण जी महाराज का जन्मोत्सव गुर्जर समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर गुर्जर समाज द्वारा कस्बे में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।आकर्षक रूप से सजी बग्घी में भगवान श्री देवनारायण जी की मूर्ति विराजमान की गई। शोभायात्रा देवनारायण मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों सदर बाजार,बस स्टैंड, चौपड़ा बाजार होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-



जगह भगवान की पूजा-अर्चना कर पुष्पवर्षा की।ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा टोली नाचते-झूमते चल रही थी और भगवान देवनारायण के जयकारे लग रहे थे।शोभायात्रा में गुर्जर समाज के महिला,पुरुष,बुजुर्ग और बच्चों सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया। शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने पर भगवान श्री देवनारायण जी की महाआरती की गई। इसके पश्चात मंदिर परिसर में महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।लोकदेवता श्रीदेवनारायण जी को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है।इनका जन्म विक्रम संवत 968 में भाद्रपद शुक्ल सप्तमी को राजस्थान के आसींद के पास गोठा गांव में गुर्जर परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम सवाई भोज बगड़ावत और माता का नाम सेढू खटाणी था।

इनका प्रमुख धाम मालासेरी डूंगरी (भीलवाड़ा) में स्थित है,जहां हर साल भादवा सुदी छठ को विशाल मेला भरता है। गुर्जर समाज सहित सर्व समाज में देवनारायण जी को न्याय,सत्य और जनसेवा के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है।राजस्थान,मध्यप्रदेश में इनके प्रति लोगों की अटूट आस्था है।

### अजमेर से बेंगलूरु पहुंचे धर्मेंद्र राठौड़ ने की कांग्रेस नेता सुभाष अग्रवाल से राजनीतिक मंत्रणा

**चमकता राजस्थान** बेंगलूरु। राजस्थान के अजमेर नगर निगम के हाल ही हुए चुनाव में कांग्रेस पार्टी से विजयी हुए पार्षदों के दल को लेकर राजस्थान पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ बेंगलूरु पहुंचे हैं। इसी क्रम में कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष अग्रवाल ने राजस्थान कांग्रेस के नेता एवं धर्मेंद्र राठौड़ से मुलाकात की। राजस्थान में हुए नगर निकाय के चुनाव के नतीजों के बारे में विस्तार से चर्चा की। अजमेर में मेयर के चुनाव में धांधली न हो तथा



बोर्ड कांग्रेस का बने इस बाबत राजनीतिक मंत्रणा सलाह मशविरा किया। कांग्रेस पार्टी से मेयर प्रत्याशी किरण गढ़वाल का नामांकन पत्र रद्द करवाने पर बीजेपी सत्ता का दुरुपयोग करते हुए जोर दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी दिनों में पार्टी एकजुटता से मेयर चुनाव जीतकर जनसेवा एवं जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए कांग्रेस पार्टी का बोर्ड अजमेर में विकास के कीर्तिमान रचेगा। साथ ही अग्रवाल ने यह भी बताया कि राजस्थान प्रदेश निकाय चुनाव के परिणामों ने सत्तारूढ़ भजनलाल सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल खोल दी है। निश्चित ही अब भजन सरकार की उल्टी गिनती शुरु हो चुकी है।

## डग एसडीएच मे हाईरिस्क प्रेग्नेंट महिलाओ के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन

### ग्रामीण दम्पति ने पेश कि मिसाल

चमकता राजस्थान

गुरुवार को डग जिला उप चिकित्सालय मे रधिरा ब्लड बैंक झालावाड़ द्वारा हाईरिस्क प्रेग्नेंट और एनीमिक महिलाओं के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.राममनोहर कुशवाह कि अध्यक्षता मे किया गया जो मातृ स्वास्थ्य सुरक्षा कि दिशा मे डग एसडीएच कि अनूठी पहल है शिविर मे कुल 42 यूनिट ब्लड का संग्रहण किया गया शिविर मे स्टॉफ और युवाओं ने उत्साह के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया शिविर का आयोजन एचआरपी सघन मॉनिटरिंग अभियान के तहत किया गया शिविर का मुख्यमंत्री उद्देश्य हाई रिस्क प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए आपात स्थिति मे रक्त कि उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा प्रसव के दौरान संभावित जटिलताओं से निपटने के लिए रक्त कि पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध करना रहा चिकित्सालय प्रबंधन कि और से रक्तदान के महत्व के प्रति जागरुक



करते हुए अधिक से अधिक स्वस्थ लोगो से स्वेच्छीक रक्तदान के लिए आगे आने का आव्हान किया इस दौरान रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरत मंद गर्भवती महिलाओं कि जीवन कि सुरक्षा मे अपना योगदान दिया चिकित्सालय स्टॉफ के सदस्यों ने रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया और प्रशस्ति पत्र दिया और रक्तदान को मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया जिस दौरान हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.बालकृष्ण जिंदल,डॉ.मुकेश भारद्वाज,डॉ.सुहेल खान,नर्सिंग ऑफिसर कपिल व्यास,राकेश सुमन,नरेश मीणा,अंतिम नागर,नीरज सोनी,ब्लॉक हैल्थ सुपरवाइजर दिनेश वर्मा आदि कि सराहनीय भूमिका रही

- **ग्रामीण दम्पति ने रक्तदान कर पेश कि मिसाल**

इस आयोजित शिविर मे ग्रामीण परिवेश के मेहरबान सिँह और उनकी पत्नी ने साथ मे रक्तदान कर एक अनूठी मिसाल पेश कि और शिविर को सफलता के शिखर तक पहूंचाया उन्होंने बताया कि यह उनका सातवीं और उनकी पत्न ी का पहली बार रक्तदान है रक्तदान करने के बाद असीम शांति कि प्राप्ति होती है

राजस्थान नगरीय निकाय चुनाव : परिणामों के बाद राजनीतिक घमासान तेज

# निकायों तक पहुंचा भाजपा का खरीद-फरोख्त का खेल, पार्षदों को दिए जा रहे 2-2 करोड़ के प्रलोभन: अशोक गहलोत

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भरतपुर में भाजपा बहुमत से दूर | धनबल और सत्ता की खरीद-फरोख्त से लोकतंत्र पर डाका | भाजपा नहीं लक्ष्मी जी के मेयर-चेयरमैन बन रहे

चमकता राजस्थान/जयपुर

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा सरकार द्वारा किए गए अलोकतंत्रिक कृत्यों, धनबल और सत्ता के दुरुपयोग को लेकर गुरुवार को प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव के लिए 'इक्वल लेवल प्लेइंग फील्ड' अत्यंत आवश्यक है, लेकिन प्रदेश में एकतरफा पुलिस कार्रवाई की जा रही है, पार्षदों को डराया-धमकाया जा रहा है और मंत्रियों को बिठाकर डेढ़ करोड़, दो करोड़ व ढाई करोड़ रुपये तक के भारी प्रलोभन दिए जा रहे है।

### बड़े नेताओं के गृह क्षेत्रों में भाजपा बहुमत से दूर

श्री गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भरतपुर, केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी के अजमेर, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के अलवर, केंद्रीय मंत्री गजेद्र सिंह शेखावत के जोधपुर, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठोड़ के पाली और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के गृह क्षेत्र झालावाड़ में भी भाजपा बहुमत हासिल करने में विफल रही है।

### गलत परिसीमन से वोटों का खेल

प्रदेशभर में भाजपा और कांग्रेस के वोटों का अंतर मात्र 0.94% (भाजपा 35.19% बनाम कांग्रेस 34.25%) रहा, लेकिन सीटों का फासला 5.5% हो गया। जोधपुर नगर निगम में कांग्रेस को भाजपा से 14,282 वोट ज्यादा मिलने मे कांग्रेस 42.22% बनाम भाजपा 39.41%) के बावजूद गलत परिसीमन के कारण दोनों को बराबर (44-44) सीटें मिली।


### हार के आंकड़े उजागर करते हैं जनता का फैसला

प्रदेश के कुल 10,244 वार्डों में से भाजपा 6,065 वार्डों (59%) में हारी है। प्रदेश के 309 निकायों में से 223 (72%) निकायों में भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। 10 नगर निगमों में से भाजपा केवल 4 (भीलवाड़ा, जयपुर, कोटा, उदयपुर) में ही बहुमत पा सकी, जो पिछले चुनाव की तुलना में एक कम है।

### डराने-धमकाने और पुलिस दबाव से बोर्ड बनाने की साजिश

मुख्यमंत्री कार्यालय से एक IAS अधिकारी सीधे कलेक्टर और SDM प दबाव बना रहे हैं। झुंझुनूं (मंडावा), नीमराना, टोंक, जोधपुर, कोटपूतली-बहरोड़, सीकर, धौलपुर, जालौर, अजमेर और बूंदी जैसे क्षेत्रों में पुलिस के माध्यम से निर्दलीय व कांग्रेस पार्षदों को डराने-धमकाने की घटनाएं सामने आई हैं।




### अशोक गहलोत के प्रमुख आरोप

- निकाय चुनावों तक पहुंचा भाजपा का खरीद-फरोख्त का खेल।
- मंत्रियों को बिठाकर पार्षदों को डेढ़ करोड़, दो करोड़ तक के प्रलोभन दिए जा रहे हैं।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भरतपुर सहित कई बड़े नेताओं के गृह क्षेत्रों में भाजपा बहुमत से दूर।
- गलत परिसीमन से वोटों का खेल, जनता के जनादेश के साथ छलावा।
- सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग, पुलिस दबाव से बोर्ड बनाने की साजिश।
- भाजपा नहीं, लक्ष्मी जी के मेयर-चेयरमैन बन रहे हैं।

### जवाहर सिंह बेदम का पलटवार

- गहलोत जी का आरोप पूरी तरह गलत, मिथ्या और बेबुनियाद है।
- लोकतंत्र की लूट की बात वो कर रहे हैं जिनकी पुरी राजनीति ही बाड़ाबंदी पर टिकी है।
- 2020 में कांग्रेस सरकार को जैसलमेर के होटल सूर्यगढ़ और जयपुर के फेयरमोंट में महीनों तक बाड़ाबंदी में रखा गया, ये हॉर्स ट्रेडिंग नहीं तो क्या था?
- भाजपा बोर्ड जनता के जनादेश से बन रहे हैं, नोटों से नहीं।
- कांग्रेस अपनी बाड़ाबंदी और हॉर्स ट्रेडिंग की संस्कृति को भाजपा पर थोपना बंद करे।
- भाजपा में ऐसा कभी नहीं होता।

### चुनाव के प्रमुख आंकड़े

- कुल वार्ड: 10,244
- भाजपा हारी: 6,065 वार्ड (59%)
- कुल निकाय: 309
- स्पष्ट बहुमत नहीं: 223 निकाय (72%)
- नगर निगम: 10
- भाजपा को बहुमत: 4 निगम (भीलवाड़ा, जयपुर, कोटा, उदयपुर)
- भाजपा-कांग्रेस वोट अंतर: मात्र 0.94% (भाजपा 35.19% बनाम कांग्रेस 34.25%)

### विवाद के केंद्र में प्रमुख मुद्दे

- धनबल और प्रलोभन का आरोप
- पुलिस दबाव और बाड़ाबंदी
- गलत परिसीमन
- बड़े नेताओं के क्षेत्रों में भाजपा की कमजोरी
- बोर्ड गठन पर राजनीतिक खींचतान
- लोकतंत्र और नैतिक राजनीति पर सवाल




## संक्षिप्त समाचार

### आदित्य ठाकरे का बड़ा बयान, 'मैं दिशा सालियान से कभी...'

**मुम्बई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि मैं दिशा सालियान से कभी नहीं मिला और न ही उन्हें जानता था. आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया कि उनकी छवि को जान बूझकर खराब करने की कोशिश गी जा रही है और इसलिए उन्हें दिशा सालियान मामले से जोड़ा जा रहा है. उन्होंने एक्स पोस्ट में ये बात कही. आदित्य ठाकरे ने कहा, 'पिछले 6 सालों से कुछ लोग जान बूझकर बार बार मेरा नाम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं जबकि इसका कोई सबूत या संबंध नहीं है.' उन्होंने कहा कि बिना किसी फैक्ट और सच्चाई के लगातार ये झूठा कैंपेन चलाया जा रहा है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने ये भी कहा कि इस मामले में किया जा रहा मीडिया ट्रायल सच्चाई को नहीं बदल सकता. आगे उन्होंने लिखा, 'मैं फिर कहता हूं कि अगर आपको लगता है कि इस तरह चरित्र हनन और झूठे प्रचार से मुझे चुप करा सकते हैं तो ये आपकी गलतफहमी है. सच्चाई के लिए और अन्याय के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी. इससे पहले मंगलवार (15 सितंबर) को शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा था कि दिशा सालियान मामले में सीबीआई की एफआईआर ठाकरे परिवार की छवि को धूमिल करने की राजनीतिक साजिश है. इस मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर ली है लेकिन किसी को भी नामजद आरोपी नहीं बनाया गया है. हाई कोर्ट के आदेश के बाद ये एफआईआर हुई. दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने आदित्य ठाकरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया था, लेकिन कोर्ट ने किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई टिप्पणी करने से परहेज किया और कहा कि मामले की जांच करना जांच एजेंसी का काम है।

### दिग्गज एक्टर अनंत नाग को मिलेगा दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नयी दिल्ली।** हर साल भारतीय सिनेमा में अपने यादगार और बेहतरीन योगदान के लिए किसी न किसी कलाकार को दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया जाता है. इस अवॉर्ड को भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा अवॉर्ड माना जाता है. साल 2024 के लिए इस अवॉर्ड से कन्नड़ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता अनंत नाग को सम्मानित किया जाएगा. भारत सरकार ने इस अवॉर्ड के लिए 78 वर्षीय एक्टर के नाम का ऐलान किया है. भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन होकर काम करने वाली मुख्य नोडल एजेंसी प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो ने अनंत नाग की एक तस्वीर अपने एक्स हैंडल पर शेयर की और जानकारी देते हुए लिखा, 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2024 श्री अनंत नाग को दिया जाएगा.' आगे लिखा, 'भारत सरकार दादा साहब फाल्के पुरस्कार सेलेक्शन कमिटी की सिफारिश पर ये ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अनंत नाग को इंडियन सिनेमा में उनके शानदार सफर और योगदान के लिए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जाएगा. उन्होंने कई जनरेशन को मोटिवेट किया है. ये अवॉर्ड केवड़िया, गुजरात में 22 सितंबर, 2026 को 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड समारोह में दिया जाएगा.'अनंत नाग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपब्धि पर बधाई दी है. पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड मिलने पर लीजेंड्री अनंत नाग जी को बधाई. कई दशकों से भारतीय सिनेमा और खासकर कन्नड़ सिनेमा पर उनकी अद्भुत बहुमुखी प्रतिभा, शानदार काम और सहज एक्टिंग ने गहरी छाप छोड़ी है. उन्होंने अपने किरदारों में गहराई और सच्चाई को दर्शाया. वो सच में इसके हकदार है।'

# निकाय चुनाव के बाद कांग्रेस का आरोप: पुलिस प्रशासन के जरिए पार्षदों पर दबाव बनाने का दावा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 17 सितंबर।** राजस्थान में नगरीय निकाय चुनाव के बाद बोर्ड गठन को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार सरकारी मशीनरी और पुलिस प्रशासन का इस्तेमाल कर कांग्रेस तथा कांग्रेस समर्थित पार्षदों पर दबाव बना रही है और उन्हें भाजपा के खेमे में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने टोंक जिले की दूनी नगरपालिका की चेयरमैन प्रत्याशी अर्चना बड़गूजर के मामले को प्रमुखता से उठाया। कांग्रेस और अर्चना के




परिजनों का आरोप है कि नामांकन के बाद पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई और परिवार को उनकी स्थिति की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। इस मामले की रिपोर्टों में यह भी सामने आया है कि अर्चना भाजपा के टिकट पर पार्षद चुनी गई थीं और बाद में कांग्रेस के समर्थन से चेयरमैन पद के लिए नामांकन दाखिल किया।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि झुंझुनूं के मंडावा, अलवर के मंडावर, सीकर, करौली और सपोटरा सहित अन्य क्षेत्रों में भी पार्षदों या उनके परिजनों पर पुलिस दबाव बनाने की कोशिश की गई। इन आरोपों को लेकर फिलहाल कांग्रेस का पक्ष सामने आया है; संबंधित प्रशासन या भाजपा की ओर से इन सभी आरोपों पर समान रूप से विस्तृत प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं है।

**● डोटासरा ने जताया विरोध**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पूरे घटनाक्रम को लोकतंत्र पर प्रहार बताते हुए पुलिस और सरकारी मशीनरी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ आंदोलनात्मक कदम उठाने का निर्णय लिया है। कांग्रेस की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, 18 सितंबर 2026 को प्रदेश के सभी जिला कांग्रेस कमेटियों के प्रतिनिधिमंडल संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के माध्यम से निकाय चुनाव और बोर्ड गठन की प्रक्रिया में पुलिस प्रशासन के कथित हस्तक्षेप को रोकने तथा कार्रवाई की निंदा करने की मांग की जाएगी।

कांग्रेस का कहना है कि निर्वाचित पार्षदों को स्वतंत्र रूप से अपने राजनीतिक निर्णय लेने का अवसर मिलना चाहिए और प्रशासन को चुनाव बाद बोर्ड गठन की प्रक्रिया में निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए।

# भोपाल में यूसीसी के खिलाफ ओवैसी की हुंकार, बोले- निकाह कॉन्ट्रैक्ट है, जन्मों का साथ नहीं, बीजेपी विधायक को चुनौती

भोपाल/एजेंसी।

भोपाल में यूनिफॉर्म सिविल कोड के खिलाफ आयोजित जनसभा में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कई विवादित और चर्चित बयान दिए. ओवैसी ने कहा कि निकाह जन्म-जन्म का साथ नहीं बल्कि एक कॉन्ट्रैक्ट है और यूसीसी समानता के लिए नहीं बल्कि मुसलमानों को निशाना बनाने के लिए लाया गया है. उन्होंने आदिवासी समुदाय को यूसीसी से बाहर रखने और मुस्लिम समुदाय को इसके दायरे में शामिल करने पर भी सवाल उठाए. इसके साथ ही उन्होंने बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा पर आपत्तिजनक बयान दे डाला जिससे सियासी बहस और तेज हो गई है.


भोपाल में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने यूसीसी के खिलाफ जनसभा सेंट्रल लाइब्रेरी में हुई. सभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे. ओवैसी ने अपने भाषण में यूसीसी , मुस्लिम पर्सनल लॉ,



विरासत और धार्मिक पहचान से जुड़े मुद्दे उठाए और सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा 'निकाह कॉन्ट्रैक्ट है, जन्म-जन्म का साथ नहीं'. ओवैसी ने हिंदू और मुस्लिम विवाह की व्यवस्था की तुलना करते हुए कहा हिंदुओं में शादी को जन्म-जन्म का साथ माना जाता है, जबकि मुसलमानों में निकाह जन्म-जन्म का साथ नहीं बल्कि एक कॉन्ट्रैक्ट है. उन्होंने दावा किया कि यूसीसी के जरिए गैर-हिंदुओं पर हिंदू मैरिज एक्ट लागू करने की कोशिश की जा रही है।

ओवैसी ने कहा कि मध्यप्रदेश का यूसीसी कानून मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है. यूसीसी को लेकर उन्होंने कहा 'यह मुसलमानों को टारगेट करने के लिए बनाया गया कानून। ओवैसी ने कहा प्रदेश में आदिवासी आबादी करीब 21 फीसदी है, लेकिन उन्हें यूसीसी से बाहर रखा गया है, जबकि करीब 9 फीसदी मुस्लिम आबादी को इसके दायरे में लाया गया है. उन्होंने पूछा कि अगर आदिवासियों की अलग पहचान को देखते हुए उन्हें बाहर रखा गया है तो मुसलमानों को क्यों शामिल किया गया?

ओवैसी ने आरएसएस पर भी निशाना साधा. ओवैसी ने कहा -इस्लाम को कोई खत्म नहीं कर सका ये आरएसएस कौन सी खेत की मूली है. उन्होंने आगे कहा कानून बनते हैं और समय के साथ खत्म भी हो जाते हैं. गोलवलकर और सावरकर की लिखी बातों को मानने से इनकार करते हुए ओवैसी ने कहा कि वे आरएसएस की लिखी बात नहीं बल्कि संविधान को मानते हैं. उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे अपनी धार्मिक पहचान और अधिकारों के लिए आवाज उठाएं।



» देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर उनके दीर्घायु उत्तम स्वास्थ्य एवं प्रशस्वी जीवन की मंगल कामना की, प्रधानमंत्री जी का जीवन राष्ट्र सेवा समर्पण ,अनुशासन और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरणादाई उदाहरण है, उनके नेतृत्व में भारत के विकास भारत में विकास आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस को सेवा एवं जन कल्याण के संकल्प के साथ मनाते हुए दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय उज्जवल भविष्य की प्रगति और समृद्धि की कामना का प्रतीक है

# वनडे क्रिकेट: वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच वनडे में लंबे समय से प्रतिस्पर्धा रही है। एक बार फिर दोनों टीमें 3 मैचों की सीरीज के लिए 27 सितंबर से आमने-सामने होंगे। दोनों टीमों के बीच हुए वनडे मुकाबलों में कई भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किए हैं। खासतौर पर घरेलू सरजमीं पर उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। ऐसे में घरेलू मैदानों पर वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों पर नजर डाल लेते हैं।

इस सूची में पहले स्थान पर भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली हैं।

उन्होंने भारत में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मुकाबला साल 2011 में खेला था।

अब तक इस खिलाड़ी ने 23 मुकाबले खेले हैं और इसकी 23 पारियों में 63.25 की उम्दा औसत के साथ 1,265 रन बनाए हैं।

उनके बल्ले से 5 शतक और 6 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 157 रन रहा है। कोहली 3 पारियों में नाबाद भी रहे हैं।

दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं।

उन्होंने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ घर में अपना पहला वनडे मुकाबला साल 2011 में खेला था।

इस खिलाड़ी ने 19 मैच खेले हैं और इसकी 19 पारियों में 69.87 की औसत से 1,118 रन बनाने में सफल रहे हैं।

उनके बल्ले से 3 शतक और 7 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 162 रन रहा है। इस दौरान रोहित भी 3 पारियों में नाबाद रहे हैं।

तीसरे स्थान पर भारतीय टीम के पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं।

उन्होंने भारत में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला वनडे मुकाबला साल 1993 में खेला था। आखिरी बार वह यहां 2011 में इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नजर आए थे।

तेंदुलकर ने 17 मुकाबले खेले थे और इसकी 17 पारियों में 45.13 की औसत से 677 रन बनाए थे।

उनके बल्ले से 2 शतक और 5 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 105 रन रहा था।

इस सूची में चौथे स्थान पर भारत के पूर्व स्टार खिलाड़ी राहुल द्रविड़ हैं।

वह साल 2002 से 2007 तक वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय सरजमीं पर वनडे मैच खेले।

इस दौरान उन्होंने 12 मुकाबलों की 11 पारियों में 70 की शानदार औसत के साथ 560 रन बनाए।

उनके बल्ले से एक शतक और 5 अर्धशतक निकले। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 109 रन रहा। द्रविड़ 3 पारियों में नाबाद भी रहे।

## भारत बनाम वेस्टइंडीज: वनडे में एक-दूसरे के खिलाफ कैसा रहा है प्रदर्शन? जानिए आंकड़े

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच 27 सितंबर से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जानी है। दोनों टीमों के बीच आखिरी वनडे सीरीज साल 2023 में खेली गई थी। उस सीरीज को भारतीय टीम ने 2-1 से अपने नाम किया था। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत आगामी सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ एक बार फिर उम्दा प्रदर्शन करना चाहेगी। आइए इन दोनों टीमों के बीच वनडे क्रिकेट के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

वनडे क्रिकेट के इतिहास में दोनों टीमों के बीच अब तक 142 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 72 मैच जीते हैं।

वहीं, वेस्टइंडीज को 64 मुकाबलों में जीत मिली है। 4 मैच बेनतीजा रहे हैं, जबकि 2 मुकाबले टाई पर समाप्त हुए हैं।



दोनों टीमों के बीच हुए आखिरी 5 वनडे मुकाबलों में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। उसे 4 मैचों में जीत मिली है, जबकि वेस्टइंडीज सिर्फ एक मुकाबला जीत पाई है।

दोनों टीमें कुल 24 द्विपक्षीय वनडे सीरीज में आमने-सामने हुई हैं। इनमें से 16 सीरीज भारतीय टीम ने जीती हैं, जबकि 8 सीरीज वेस्टइंडीज ने अपने नाम की हैं।

दोनों टीमों के बीच एक भी वनडे सीरीज ड्रॉ नहीं रही।

भारत में दोनों टीमों के बीच 13 वनडे सीरीज खेली गई हैं। भारतीय टीम ने 9 सीरीज जीती हैं, जबकि वेस्टइंडीज को 4 में जीत मिली है।

वेस्टइंडीज ने आखिरी बार भारत में साल 2002 में वनडे सीरीज जीती थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ सर्वाधिक रन वाले भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हैं। उन्होंने इस टीम के विरुद्ध 41 पारियों में 66.05 की औसत के साथ 2,261 रन (शतक-9) बनाए हैं।

रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध 35 पारियों में 57.6 की औसत से 1,613 रन (शतक-3) बनाए हैं।

गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने 32 मैचों में 29.88 की औसत से 44 विकेट लिए हैं। वहीं, कुलदीप यादव ने 19 मैचों में 21.51 की औसत से 33 विकेट चटकाए हैं।

भारत के खिलाफ वनडे में सबसे ज्यादा रन डेसमंड हेन्स ने बनाए हैं। उनके बल्ले से 36 पारियों में 42.4 की औसत से 1,357 रन निकले हैं।

सक्रिय बल्लेबाजों में शाई होप ने 26 मैचों में 47.04 की औसत से 988 रन बनाए हैं। उन्होंने 3 शतक लगाया है। गेंदबाजी में कर्टनी वॉल्श ने सबसे ज्यादा 38 पारियों में 24.15 की औसत से 44 विकेट लिए हैं।

## बांग्लादेश और नेपाल के बीच पहली बार खेली जाएगी द्विपक्षीय टी-20 सीरीज, जानिए पूरी जानकारी

**नईदिल्ल/एजेंसी।**

बांग्लादेश क्रिकेट टीम अगले साल मार्च में नेपाल का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जाएगी।

सभी मुकाबले काठमांडू में होंगे और पहला मैच 26 मार्च को खेला जाएगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बयान के अनुसार, यह सीरीज नेपाल में हाल ही में आई बाढ़ के पीड़ितों को समर्पित होगी। दोनों पुरुष टीमों के बीच यह पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी। साथ ही बांग्लादेश पहली बार नेपाल का दौरा करेगा।

26 अगस्त को चीन की सीमा से लगे नेपाल के उत्तरी हिस्से में हिमस्खलन से भारी तबाही हुई। इसके बाद आई बाढ़ में 1,000 से अधिक लोगों की जान चली गई, जबकि 5,000 से ज्यादा लोग लापता हो गए।



बांग्लादेश के खेल मंत्री अमिनुल हक और बांग्लादेश में नेपाल के राजदूत घनश्याम भंडारी के बीच हुई चर्चा में सीरीज को लेकर बातचीत हुई।

भंडारी ने बीसीबी का भी दौरा किया, जहां उन्होंने बोर्ड के अध्यक्ष तमीम इकबाल से मुलाकात की।

बीसीबी ने कहा कि 3 मैचों की यह सीरीज दोनों देशों को क्रिकेट के जरिए एकजुट होने का मौका देगी।

साथ ही, यह मुश्किल समय में दोस्ती और एकजुटता का संदेश देने का माध्यम बनेगी। आगामी सीरीज दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जा रही है।

इससे पहले बांग्लादेश और नेपाल की पुरुष टीमें 2014 और 2024 के इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल टी-20 विश्व कप में 2 बार आमने-सामने हुई थीं।

बांग्लादेश और नेपाल के बीच 3 मैचों की टी-20 सीरीज काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेली जाएगी।

सीरीज के आखिरी 2 मुकाबले 28 और 30 मार्च को खेले जाएंगे।

बांग्लादेश 2028 में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुका है। वहीं, नेपाल ग्लोबल क्वालिफायर के जरिए टूर्नामेंट में जगह बनाने की कोशिश करेगा।

ऐसे में यह सीरीज दोनों टीमों के लिए भविष्य की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण होगी।

## व्यापार

## शेयर बाजार में मामूली बढ़त, सेंसेक्स 86 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी तेजी



**मुंबई/एजेंसी।**

यूएस फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने के बाद, आज गुरुवार 17 सितंबर 2026 को भारतीय शेयर बाजार सपाट खुले. शुरुआती सत्र में निफ्टी 23,200 के ऊपर बना हुआ था, जबकि सेंसेक्स में करीब 80 अंकों की बढ़त देखी गई.

शुरुआती कारोबार के दौरान विदेशी फंड की निकासी और एशियाई बाजारों में सुस्त रुझान ने घरेलू इक्विटी में बढ़त को सीमित रखा. शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 86.49 अंक बढ×कर 74,422.94 पर पहुंच गया. 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50.1 अंक बढ़कर 23,267.70 पर रहा. सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, एटरनल, बजाज फाइनेंस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व और इंटरग्लोब एविएशन फायदे में रहीं. एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस और टेक महिंद्रा पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल रहीं.

ब्रेंट क्रूड की कीमत हाल के उच्चतम स्तर से घटकर लगभग 104.7 डॉलर प्रति बैरल पर आने से थोड़ी राहत तो मिली है, लेकिन फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने और आगे और सख्ती के संकेत से बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और किसी भी तत्काल रिकवरी पर रोक लग सकती है.

रिसर्च एनालिस्ट फर्म एचएसटी वेल्थ के फाउंडर और सीईओ हरिसेलवन राधाकृष्णन ने कहा कि फेड ने अपनी पॉलिसी रेट को 25 बेसिस पॉइंट बढ़ाकर 3.75-4 प्रतिशत कर दिया है, जो तीन साल में पहली बढ़ोतरी है, और इस साल एक और बढ़ोतरी का अनुमान जताया है. उन्होंने कहा कि भारत के लिए, अमेरिका में ब्याज दरें बढने से डॉलर मजबूत हो सकता है, रुपये पर दबाव पड़ सकता है और उभरते बाजारों में विदेशी निवेश के प्रवाह पर असर पड़ सकता है.

ग्लोबल ऑयल बेंचमार्क, ब्रेंट क्रूड 0.12 प्रतिशत गिरकर 105.7 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का बहुप्रतीक्षित 22,569 करोड़ रुपये का आईपीओ गुरुवार को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला.

# ईपीएफओ का नया फैसला, 25,000 रुपये तक वेतन वालों को मिलेगा पीएफ पेंशन और बीमा लाभ

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के लिए बड़ा फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने ईपीएफओ की जरूरी कवरेज वाली वेतन सीमा 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये महीना करने को मंजूरी दी है। इससे संगठित क्षेत्र के 51 लाख से ज्यादा नए कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आएंगे। यह बदलाव 15 अक्टूबर, 2026 से लागू होगा, जिससे भविष्य निधि, पेंशन और बीमा सुरक्षा पाने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़ेगी।




नई सीमा लागू होने के बाद 25,000 रुपये तक की मूल मासिक सैलरी पाने वाले कर्मचारियों को जरूरी भविष्य निधि योजना में शामिल किया जाएगा।

इसके साथ उन्हें कर्मचारी पेंशन योजना और कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना का लाभ भी मिलेगा। यानी नौकरी के दौरान नियमित बचत होगी और भविष्य के लिए पेंशन सुरक्षा मजबूत होगी।

कर्मचारी की मृत्यु होने पर परिवार को बीमा सहायता भी मिल सकेगी। इससे कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों को अधिक सुरक्षा मिलेगी। ईपीएफओ की जरूरी वेतन सीमा में आखिरी बदलाव सितंबर, 2014 में हुआ था। उस समय इसे 6,500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये महीना किया गया था।

अब करीब 12 साल बाद सीमा को फिर बढ़ाया गया है। सरकार के अनुसार, इस फैसले में बढ़ती महंगाई, वेतन में लगातार बढ़ोतरी और संगठित रोजगार के विस्तार को ध्यान में रखा गया है।

इससे 15,000 से 25,000 रुपये वेतन पाने वाले कर्मचारियों को फायदा होगा।

ईपीएफओ के आंकड़ों के अनुसार, करीब 7.68 लाख संस्थानों में लगभग 7.98 करोड़ सदस्य योगदान करते हैं।

कर्मचारी पेंशन योजना के तहत करीब 82 लाख पेंशनर्स को लाभ मिलता है। नई वेतन सीमा बढने से ज्यादा कर्मचारी इन योजनाओं से जुड़ सकेंगे। भविष्य निधि में बचत, पेंशन और बीमा सुरक्षा का दायरा बढ़ेगा।

हालांकि, 25,000 रुपये से अधिक वेतन पाने वाले कर्मचारियों के लिए जरूरी सदस्यता की शर्तें अलग रह सकती हैं।

## क्रेडिट कार्ड ईएमआई या पर्सनल लोन, बड़ी खरीदारी के लिए कौन सा विकल्प सही?

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

बड़ी खरीदारी के लिए लोग अक्सर क्रेडिट कार्ड ईएमआई और पर्सनल लोन में से किसी एक विकल्प को चुनते हैं। क्रेडिट कार्ड की योग्य खरीदारी को किश्तों में बदलने के लिए अलग से लोन आवेदन नहीं करना पड़ता। वहीं, पर्सनल लोन में रकम सीधे खाते में मिल सकती है और उसे अलग-अलग खर्चों में इस्तेमाल किया जा सकता है। इन दोनों विकल्पों की ब्याज दर, शुल्क, अवधि और कुल भुगतान अलग हो सकता है।

टेलीविजन, लैपटॉप, मोबाइल, फर्नीचर और घरेलू सामान जैसी छोटी या मध्यम खरीदारी के लिए क्रेडिट कार्ड ईएमआई सुविधाजनक हो सकती है।




बैंक और दुकानदार कई बार नो-कॉस्ट ईएमआई का विकल्प देते हैं। हालांकि, इसे चुनने से पहले प्रोसेसिंग फीस, जीएसटी और छूट की शर्तें जरूर देखें।

कई बार नो-कॉस्ट ईएमआई लेने पर तुरंत मिलने वाला डिस्काउंट नहीं मिलता है। ऐसे में केवल आसान किश्त देखकर फैसला करना सही नहीं होगा।

अगर खर्च बड़ा है या खरीदारी क्रेडिट कार्ड से नहीं की जा सकती, तो पर्सनल लोन पर विचार किया जा सकता है।

इसकी ब्याज दर आपकी आय, क्रेडिट इतिहास और पुराने कर्ज पर निर्भर करती है। लंबी अवधि चुनने से मासिक ईएमआई कम हो सकती है, लेकिन कुल ब्याज बढ़ सकता है। आवेदन से पहले प्रोसेसिंग फीस, ब्याज, भुगतान अवधि और प्रीपेमेंट शुल्क जोड×कर पूरी लागत समझना जरूरी है।

किसी विकल्प को चुनते समय सिर्फ मासिक ईएमआई की तुलना नहीं करनी चाहिए। कम ईएमआई के साथ लंबी अवधि होने पर भुगतान ज्यादा हो सकता है।

क्रेडिट कार्ड की बड़ी खरीदारी से उपलब्ध लिमिट भी कम हो सकती है और क्रेडिट प्रोफाइल पर असर पड़ सकता है। अगर पूरा कार्ड बिल चुकाने में परेशानी है, तो दोनों विकल्पों की कुल लागत जांचें।

छोटी खरीदारी में कम शुल्क वाली कार्ड ईएमआई और बड़े खर्च में उचित ब्याज वाला लोन सही होगा।

## सरकार ने पेट्रोल-डीजल के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स में कटौती की, क्या आपको होगा फायदा?

**नईदिल्ली/एजेंसी।** केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में कटौती की है। पेट्रोल, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाले टैक्स को कम किया गया है। डीजल निर्यात शुल्क में 5 रुपये की कटौती की गई है। अब डीजल पर विंडफाल टैक्स 25 से घटकर 20 रुपये प्रति लीटर हो गया है। हालांकि, घरेलू इस्तेमाल के लिए पेट्रोल-डीजल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

वित्त मंत्रालय के अनुसार, पेट्रोल के एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स 0.5 प्रति लीटर, डीजल पर 20 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 15 रुपये प्रति लीटर होगी। यह अगले 15 दिन तक जारी रहेगी।

पहले एटीएफ पर विंडफॉल टैक्स 19 रुपये प्रति लीटर और पेट्रोल पर 1.5 रुपये प्रति लीटर था।

बता दें सरकार हर 2 हफ्ते में घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स की समीक्षा करती है।

यह कटौती घरेलू स्तर पर बिकने वाले पेट्रोल-डीजल के टैक्स पर नहीं की गई है., बल्कि विंडफॉल टैक्स पर की गई है।

विंडफॉल टैक्स वह शुल्क है, जो कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में ईंधन बेचकर मुनाफा कमाने पर सरकार को चुकाती है।

इससे देश के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# हर आशीर्वाद मेरे संकल्प को मजबूत करता है

## पीएम मोदी ने 'आशीर्वाद का दीया' अभियान की सराहना की

नई दिल्ली/एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने 76वें जन्मदिन पर देशवासियों की ओर से मिल रही शुभकामनाओं के लिए आभार जताया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'आशीर्वाद का दीया' अभियान की सराहना करते हुए कहा कि लोगों का स्नेह और आशीर्वाद उन्हें देश की सेवा के लिए और अधिक समर्पण के साथ काम करने का संकल्प देता है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक विशेष जन्मदिन गीत पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि कुछ भावनाएं और पहल बेहद खास होती हैं। उन्होंने 'आशीर्वाद का दीया' को ऐसा ही स्नेहपूर्ण प्रयास बताया, जिसने उन्हें गहराई से प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर आशीर्वाद उन्हें भारत की सेवा के लिए अपने संकल्प को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

यह गीत गायिका स्नेहा शंकर और कलाकार अमन पंत ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर तैयार किया है। गीत के वीडियो में जलते हुए दीये को केंद्रीय प्रतीक के रूप में दिखाया गया है।



### 17 सितंबर को घरों में जलाया जाएगा 'आशीर्वाद का दीया'

भाजपा ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर देशभर के लोगों से 17 सितंबर को शाम 6 बजे से 7 बजे के बीच 'आशीर्वाद का दीया' जलाने और प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं देने की अपील की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भी लोगों से इस अभियान में शामिल होने का आ''ान किया है। भाजपा के अनुसार, यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों का हिस्सा है। उनके सार्वजनिक जीवन की शुरुआत 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में हुई थी और 2014 में उन्होंने प्रधानमंत्री पद संभाला।

### 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत महीनेभर होंगे कार्यक्रम

'आशीर्वाद का दीया' अभियान भाजपा के महीनेभर चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' का हिस्सा है, जो 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान देशभर में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, प्रदर्शनियां, सेमिनार और विभिन्न जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं।

पार्टी के अनुसार, प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर देशभर में 500 से अधिक स्थानों पर दीप जलाने के कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है। अभियान के जरिए लोगों की भागीदारी और जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।



# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान पहुंचकर बच्चों के साथ मनाया जन्म दिवस

## मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ केक काटा और उनके बीच रहकर जन्म दिवस की खुशियां साझा कीं।

चमकता राजस्थान



**देहरादून।(दीपक शर्मा बामनवास)** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में बच्चों के साथ अपना जन्म दिवस मनाया।मुख्यमंत्री बच्चों से बेहद आत्मीयता और स्नेह के साथ मिले। उन्होंने बच्चों के बीच जाकर उनसे संवाद किया, उनका उत्साहवर्धन किया और उनके साथ समय बिताया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे भी उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। इस दौरान पूरा वातावरण आत्मीयता, स्नेह और अपनत्व से भरा रहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के बीच बिताया गया समय जीवन को नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है। प्रत्येक बच्चे में अपार प्रतिभा और संभावनाएं होती हैं। उन्हें आगे बढ़ने के लिए अवसर, प्रोत्साहन और विश्वास मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन का सशक्तिकरण केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास से जीवन की प्रत्येक चुनौती को पार किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्य की ओर पूरे विश्वास और उत्साह के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर, सम्मान और आगे बढ़ने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्नेह और उनके चेहरों की खुशी उनके लिए जन्म दिवस का सबसे विशेष और यादगार उपहार है।

इस अवसर पर श्रीमती गीता पुष्कर धामी, कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी एवं संस्थान के शिक्षक मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर एसएसपी ने की पुलिस लाइन में की पूजा-अर्चना



**चमकता राजस्थान/देहरादून।(दीपक शर्मा बामनवास)** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पुलिस लाईन देहरादून में भगवान विश्वकर्मा जी की पूर्ण विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजा अर्चना के दौरान एसएसपी देहरादून द्वारा भगवान विश्वकर्मा को सृजन,निर्माण एवं कौशल का देवता बताते हुए शस्त्रों और वाहनों की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून द्वारा सभी पुलिस कर्मियों के सुख, समृद्धि एवं सुरक्षा की कामना की।

### भगवान विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर हुआ पूजा एवं हवन का आयोजन



**चमकता राजस्थान/देहरादून/मसूरी (दीपक शर्मा बामनवास)** मसूरी के लक्ष्मणपुरी स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पूजा एवं हवन का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद मसूरी की अध्यक्ष मीरा सकलानी, सभासद विशाल खरोला एवं स्थानीय निवासियों ने पूजा-अर्चना और हवन में शामिल होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर सभी ने भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### डीग नगर परिषद सभापति पद पर अर्पित गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित, दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन लिया वापस



**चमकता राजस्थान/डीग।** नगर परिषद चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद सभापति पद को लेकर चल रही राजनीतिक गतिविधियों के बीच गुरुवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला। सभापति पद के लिए दाखिल तीन नामांकनों में से दो निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए।

डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश दिगंबर सिंह की समझाइश के बाद निर्दलीय उम्मीदवार मालती देवी और राहुल लवानिया ने गुरुवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। दोनों ने उपखंड अधिकारी अमित कुमार मीणा के समक्ष नामांकन पत्र वापस लिए।

बुधवार को डीग नगर परिषद के सभापति पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। नामांकन के बाद सभापति पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई थीं। गुरुवार को विधायक डॉ. शैलेश दिगंबर सिंह की उपस्थिति में मालती देवी और राहुल लवानिया ने अपना पर्चा वापस लिया।

दोनों निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन वापस लेने के बाद सभापति पद के लिए भाजपा उम्मीदवार अर्पित गुप्ता ही मैदान में रह गए। इसके बाद अर्पित गुप्ता को डीग नगर परिषद का सभापति निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

### 45 हजार रुपए का इनामी कुख्यात तस्कर गिरफ्तार

- नागौर पुलिस की एसटी टीम ने भोजास की सरहद से पकड़ा, एनडीपीएस के तीन मामलों में था वांछित

**चमकता राजस्थान/रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर।** पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के निर्देशन में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नागौर पुलिस की एसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के टॉप-10 वांछित आरोपियों में शामिल कुख्यात तस्कर खींयाराम को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी सरहद भोजास से की गई।

पुलिस के अनुसार खींयाराम के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। आरोपी की गिरफ्तारी पर थाना पांचौड़ी के एक प्रकरण में 20 हजार रुपए तथा जिला हनुमानगढ़ के प्रकरण में 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। इस तरह आरोपी पर कुल 45 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध थाना पांचौड़ी एवं थाना पांचू में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा आरोपी हनुमानगढ़ जिले में दर्ज 9 किलो अफीम से संबंधित प्रकरण में भी वांछित चल रहा था।

वांछित एवं इनामी आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटी टीम नागौर द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए भोजास की सरहद से खींयाराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े मामलों और उसके नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने की संभावना है।

## दरगाह बड़े पीर साहब का सालाना उर्स 23 सितम्बर से

### 24 सितम्बर को होगी 11वीं शरीफ

चमकता राजस्थान



**रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर** जिला मुख्यालय मे सैयद सैफुद्दीन जीलानी ए रोड पर स्थित बड़े पीर साहब की दरगाह मे 30 के चाँद के अनुसार सालाना छः दिवसीय उर्स जश्ने ग्यारहवी शरीफ आगामी 23 सितम्बर से 28 सितम्बर तक मनाया जायेगा।

जिसमे कई धार्मिक कार्येकरम आयोजित किये जायेंगे।

दरगाह के सज्जादा नशीन सैयद सदाकत अली जीलानी ने बताया की 23 सितम्बर को सुबह 4 बजे मज़ार शरीफ को ×गुस्ल देने की रस्म उनके व उनके पुत्र सैयद सैफुद्दीन जीलानी के द्वारा अदा की जाएगी। इसी रात्रि 23 सितम्बर से 25 सितम्बर तक रात्रि बाद नमाज़ इशा तकरीर व नातख्वानी का कार्येकरम होगा। 24 सितम्बर को असर की नमाज़ के बाद 11 वीं शरीफ की नियाज़ के लंगर का आयोजन होगा जिसमे दरगाह का विशेष कबुली का लंगर ज़ायरीनो मे तकसीम किया जायेगा। दरगाह के नायब सज्जादा नशीन सैयद सैफुद्दीन जीलानी ने बताया की 26 और 27 सितम्बर की रात्रि बाद नमाज़ इशां कव्वाली का कार्येकरम होगा जिसमे बाहर से आई कव्वाल पार्टियां अपना अपना कलाम पैश करेंगी। जीलानी ये भी बताया की 27 सितम्बर को बड़ा उर्स होगा जिसमे शाम 4 बजे नकास आज़ाद चौक हाजी मस्सा पीर की दरगाह से चादर का भव्य जुलुस रवाना होगा जो अपने निर्धारित मार्ग पीपली गली, हाथी चौक, बर्तन बाजार, सदर बाजार तहसील चौक, गाँधी चौक, नाहर पोल और सैयद सैफुद्दीन जीलानी ए रोड होते हुवे बड़े पीर साहब की दरगाह पहुंचेगा ओर बड़े उर्स के दिन ही शाम 5 बजे जोधपुर महाराजा गजसिंघजी की ओर से चादर भी पैश की जाएगी और इसी बड़े उर्स की रात कव्वाली का विशेष कार्येकरम होगा जिसमे यूपी सैदपुर बदायूं के कव्वाल नईम साबरी एन्ड पार्टी अपना कलाम पैश करेंगे। 28 सितम्बर की सुबह 4 बजे ज़ियारते गद्दी की रस्म अदा की जाएगी इसी दिन सुबह साढ़े दस बजे कुल की मह×फल शुरू होगी और दोपहर डेढ़ बजे कुल की रस्म के साथ ये सालाना छ : दिवसीय उर्स सम्पन्न हो जायगा। उर्स मे देश भर से हज़ारो ज़ायरीन शिरकत करते हैं। उर्स को लेकर रंग रोगन का काम पूरा होने के साथ साथ उर्स की तैयारियों का कार्य अब अंतिम चरनो मे है। उर्स के दौरान दरगाह को आकर्षक रौशनी से सजाया जायेगा।

## राजस्थान पंचायती राज माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन सादड़ी में , तैयारियों को दिया अंतिम रुप



**चमकता राजस्थान/ पाली।** देसूरी राजस्थान पंचायती राज माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन वीर तेजाजी छात्रावास सादड़ी में आज से होगा ।इसकी तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया।

सम्मेलन के संयोजक शिवपाल सिंह चारण ने बताया कि सम्मेलन में जिले के सभी ब्लाकों से सैकड़ों शिक्षक भाग लेंगे ।सम्मेलन में शिक्षा शैक्षिक उन्नयन ,शैक्षिक नवाचार व शिक्षक हित के मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन का उद्घाटन प्रदेश सलाहाकार बजरंगसिंह देवड़ा,प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौरड़िया व जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह झूपेलाव करेंगे ।अध्यक्षता प्रदेश संगठन मंत्री गजेंद्र देवड़ा करेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को ब्लाक अध्यक्ष लालाराम जाट,उपाध्यक्ष विजय सोनी,सभाध्यक्ष शिवराम राईका ,सह संयोजक भंवरलाल जाट व विक्रम सिंह चंपावत ने अंतिम रुप दिया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान पंचायतीराज माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षा व शिक्षक हित में कार्य करने वाला शिक्षक संघ है।

## नागौर में आज हुई बारिश अचानक हुई झमाझम बारिश



**चमकता राजस्थान/रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर** मे दोपहर 3 बजे शुरू हुई बारिश एक घंटे तक बरसे बादल दोपहर करीब 1 बजे से ही आसमान मे बादल छाए हुए थे करीब 3 बजे अचानक झमाझम बारिश शुरू हो गई जो एक घंटे तक जारी रही बारिश से शहर के तापमान मे गिरावट आई लोगों को गर्मी से रास्त मिली नागौर के अलावा खींवसर मुंडवा कुचेरा आसपास के इलाकों मे भी बारिश हुई शहर के कई जगहु मे पानी जमा हुआ तेज बारिश के कारण शहर के कई जगह मोहल्लों मे पानी जमा हो गया किले की ढाल शिवबाडी दिल्ली दरवाजा मे लोगो कहना है जब भी बरसात होती है यहां रोड़ पर पानी भर जाता है दुकनदार को सीवरेज का नाला खोलना पड़ता हैतब कहीं जाकर रोड से पानी काम होता हैयह समस्या कई सालों से हो रही है । किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन मे पहले ही बारिश की कमी के कारण फसल उत्पादन प्रभावित हुआ है अब फसल पकने के बाद बेमौसम बारिश होने से रही सही कसर भी पुरी हो गई खेतो मे खड़ी फसलों के साथ काटकर रखी गई उपज को भी नुकसान पहुंचा है।

## देसूरी नाल मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

**चमकता राजस्थान/पाली।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर देसूरी नाल (घाट सेक्शन) मार्ग से ग्राम चारभुजा, जिला राजसमन्द की ओर जाने वाले भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया है।

जारी आदेश के अनुसार चारभुजा में 22 सितम्बर को देवझूलनी एकादशी के अवसर पर मेले का आयोजन होने तथा रामदेवरा जाने वाले यात्रियों के चारभुजा मंदिर में दर्शन के लिए आने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं यात्रियों का आवागमन रहेगा। देसूरी नाल का मार्ग विकट मोड़ों एवं तीव्र ढलान वाला होने के कारण भारी वाहनों के आवागमन से यातायात बाधित होने तथा दुर्घटना की संभावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

आदेश के तहत 16 सितम्बर 2026 को प्रातः 5 बजे से 25 सितम्बर 2026 को रात्रि 10 बजे तक देसूरी (पाली) की ओर से आने वाले तथा पाली जिले से देसूरी की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहनों का देसूरी नाल (घाट सेक्शन) मार्ग से चारभुजा की ओर आवागमन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना अनिवार्य होगा।

यह प्रतिबंध स्थानीय निवासियों के सामान्य हल्के वाहनों, एम्बुलेंस, अग्निशमन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं के वाहनों तथा सेना, पुलिस, सशस्त्र बल, होमगार्ड, कानून व्यवस्था में संलग्न अधिकारियों एवं रेलवे से संबंधित वाहनों पर लागू नहीं होगा।

पुलिस एवं संबंधित विभागों को आदेश की पालना सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार चेतावनी बोर्ड एवं बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## गणपति आरती में शामिल हुए धरियावद राजमहल ठा. राणावत.....



**चमकता राजस्थान/धरियावद।** धर्मनगरी मे हर वर्ष कि भाती इस वर्ष भी नगर मे जगह जगह गणपति स्थापना हुई जहाँ नगर के खत्री मोहल्ले में आयोजित गणपति महोत्सव के दौरान मोहल्लेवासियो ने धरियावद राजमहल के ठा. भानु प्रताप सिंह राणावत से आग्रह करने ठा. भानु प्रताप सिंह एवं ठा. पुखराज सिंह बिल्लू बना राणावत पहुंचकर भगवान श्री गणेशजी की आरती का लाभ लिया। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और पूरे वातावरण में भक्ति का माहौल बना रहा ।जहाँ राणावत का मेवाड़ी पाग ओपना पहना कर स्वागत किया जहाँ राणावत ने कहा आपको किसी भी प्रकार से कार्य या हेल्प कि जरूरत हो तो आपके लिए रावला खुला पड़ा ज़ब भी आपकी इच्छा हो मेरे लायक कार्य तो बेहिजक बताना मे हर वक्त तैयार हूँ

## नाम निर्देशन पत्रों की हुई संवीक्षा, किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस

# महापौर पद के छह प्रत्याशी मैदान में, शुक्रवार को 3 बजे तक नाम वापसी

चमकता राजस्थान



**ब्यूरो चीफ जेके बावल पाली।** नगर निगम आम चुनाव 2026 में महापौर पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। निर्वाचन विभाग की ओर से संवीक्षा की कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के तहत पूर्ण पारदर्शिता एवं नियमानुसार संपन्न कराई गई। संवीक्षा के दौरान प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की जांच की गई।

रिटर्निंग अधिकारी नगर निगम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महापौर पद के लिए कुल छह प्रत्याशियों की ओर से 10 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए गए थे। गुरुवार को इन सभी नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। संवीक्षा के बाद चुनाव मैदान में छह प्रत्याशी हैं। महापौर पद के लिए राजबाला हिंगड, सुमित्रा जैन, पुष्पा, नमिता बुबकिया, कुसुम सोनी एवं रशीदा बानो चुनाव मैदान में हैं। गुरुवार को किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया। शुक्रवार को 3 बजे तक नाम वापसी का अवसर -सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के बाद शुक्रवार को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थियों को नाम वापस लेने का अवसर रहेगा। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद चुनाव मैदान में शेष रहने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

पार्षद प्रत्याशी चुनाव खर्च का विवरण करें प्रस्तुत -सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने नगर निगम चुनाव में पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ चुके अभ्यर्थियों से चुनाव खर्च का विवरण शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार के दौरान प्रयुक्त वाहनों, लाउडस्पीकर, माइक्रोफोन, एम्पलीफायर, पोस्टर, बैनर, हैंडबिल, पेम्फलेट, कटआउट एवं होर्डिंग्स सहित अन्य प्रचार सामग्री पर हुए खर्च का विवरण प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन व्यय से संबंधित विवरण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

ये रहे मौजूद - इस दौरान विशेषाधिकारी निर्वाचन पाली चौधरी बिरजू गोपाल, उप पंजीयक प्रथम शिवजीराम बावरी, तहसीलदार सुनील कुमार, तहसीलदार निर्वाचन नेहा चौधरी, सुरेश कुमार व्यास, ललित कुमार दवे, महेन्द्र बैरवा, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, ताराचंद सेजू, रामलाल मानपुरा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929